www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

04 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 164

तीन देशों की यात्रा पर जायेंगे सीएम हेमंत सोरेन






TANISHQ
TATA की पेशकश

## भव्य उद्घाटन

4 अप्रैल 2025 सुबह 11:00 बजे

आप सभी को आमंत्रित किया जाता है कोडरमा में। हमारे नये शोरूम के भव्य उद्घाटन के लिये।

आइये, सोने और हीरे के गहनों, सॉलिटेयर्स और रंगीन रत्नों की शानदार रेंज का आनंद लीजिये, तनिष्क की कहानी के इस नये अध्याय में।

**मुफ़्त सोने का सिक्का***
प्रत्येक ज्वेलरी की खरीद के साथ
4 से 6 अप्रैल 2025 तक

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

तिलैया थाना के सामने, झुमरी तिलैया, कोडरमा-825409, Mob No.: 6209138000 / 777

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 84,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 10,3000 रु./प्रति किलो |

# चौतरफा घिरने के बाद घुटने पर आये नक्सली

## ■ बातचीत का प्रस्ताव देकर नक्सलियों ने मान ली अपनी हार

## ■ अब इसे खत्म करने के लिए अंतिम प्रहार करना आवश्यक

आजाद सिपाही विशेष

**केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के एलान और सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्रवाई से घबराये नक्सली संगठनों ने सरकार से वार्ता का प्रस्ताव रखा है। भाकपा माओवादी की ओर से आये इस प्रस्ताव के बाद यह साफ हो गया है कि पिछले करीब पांच दशक से देश के विभिन्न इलाकों में बिना मतलब खून-खराबा करने और 'बंदूक की नोक पर सत्ता हासिल करने' का दंभ भरनेवाले नक्सली अब घुटनों पर आ गये हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई ने नक्सलियों की कमर तोड़ दी है। नक्सल समस्या इस देश के लिए और खास कर झारखंड-छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी समस्या है। बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुआ नक्सलवाद आज देश के आधा दर्जन राज्यों में गंभीर बीमारी का रूप ले चुका है। पिछले पांच दशक में नक्सलियों ने 50 हजार से अधिक लोगों की हत्या की है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, सो अलग। अब जब ये नक्सली चारों तरफ से घिर गये हैं और पिछले 15 महीने में इनके बड़े नेताओं को मार गिराया गया है, तब ये शांति वार्ता का प्रस्ताव लेकर आये हैं। नक्सलियों के साथ किसी भी किस्म की नरमी अब नहीं बरती जानी चाहिए, क्योंकि इसने देश और समाज को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। अब तो सरकार को इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए अंतिम प्रहार कर ही देना चाहिए। क्या है नक्सली समस्या और क्या है नक्सलियों के प्रस्ताव का सच, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलियों का सफाया कर दिया जायेगा। उनकी यह बात अब सच साबित होने लगी है, क्योंकि अब नक्सलियों की तरफ से बातचीत का प्रस्ताव आ गया है। पिछले पांच दशक से 'बंदूक के बल पर सत्ता हासिल करने', लोकतंत्र को सर्वहारा वर्ग के साथ मजाक बताने और वोट बहिष्कार का नारा देकर हजारों लोगों की हत्या करने वाले नक्सलियों ने सरकार से वार्ता का प्रस्ताव ऐसे ही नहीं दिया है। भाकपा माओवादी की केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय ने एक पर्चा जारी किया है। इसमें लिखा गया है कि पिछले 15 महीनों में नक्सलियों के चार सौ साथी मारे गये हैं। अगर नक्सलियों के खिलाफ अभियान रुकता है, तो वे शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। लंबे समय के बाद यह पहली बार है, जब नक्सलियों ने बातचीत की इच्छा जतायी है। लेकिन नक्सल समस्या से जूझ रहे छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने साफ कर दिया है कि बातचीत बिना शर्त होगा और इसके लिए नक्सल विरोधी अभियान को रोका नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की सार्थक वार्ता के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि नक्सली वास्तव में मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा कि वे क्या चाहते हैं। शर्मा ने कहा कि वार्ता का स्वरूप इस्लामिक स्टेट जैसी किसी कट्टरपंथी विचारधारा की तर्ज पर नहीं हो सकता। अगर कोई चर्चा करना चाहता है, तो उसे भारतीय संविधान की मान्यता स्वीकार करनी होगी।

### घुटने पर आ गये हैं नक्सली

नक्सलियों की तरफ से बातचीत का प्रस्ताव ऐसे ही नहीं आया है। इनको पता चल गया है कि यदि इन्होंने हथियार नहीं डाला, तो इनका सफाया निश्चित है। पिछले पांच दशकों में इन नक्सलियों ने अपने प्रभाव वाले इलाके में पूरे सिस्टम को बंधक बना लिया था।

वे लोगों की हत्या कर रहे थे, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे और लेवी वसूल कर अपनी जेब भर रहे थे। नक्सलियों की उग्र विचारधारा कहीं पीछे छूट चुकी थी। ऐसे में जब सुरक्षा बल उन पर भारी पड़ने लगे हैं और नक्सलियों के सफाये में जुट गये हैं, नक्सलियों के लिए बातचीत का प्रस्ताव करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बच गया है।



### क्या है सरकार का रवैया

नक्सल समस्या के खात्मे के लिए सरकार दो तरह से काम कर रही है, सरेंडर या गोली। सरकार का पूरा फोकस सरेंडर पर है। नयी नक्सल पॉलिसी भी तैयार है, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लांच करेंगे। नयी सरेंडर पॉलिसी में एक तरह से सरकार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की पूरी चिंता करेगी या यूं कहें कि माओवादियों को तीन साल के लिए गोद लेगी। यही नहीं, वे सरेंडर करते ही लखपति बन जायेंगे। लेकिन ऐसा होना आसान नहीं है। नक्सलियों को ये फायदा तभी मिलेगा, जब यह तय हो जायेगा कि वे असलियत में नक्सली हैं। और यह तय करेगी जिला स्तर पर बनायी गयी कमेटी।

### पहले ठुकरा चुके हैं सरकार की पेशकश

नक्सलियों के साथ सरकार ने पहले भी कई बार बातचीत की पेशकश की है, लेकिन हर बार नक्सली कोई न कोई ऐसी शर्त रख देते हैं कि बातचीत की संभावना ही खत्म हो जाती है। कई बार तो सामाजिक संगठनों ने बातचीत के लिए पहल शुरू की, लेकिन सब कुछ बेकार हो गया।

### सरकार को क्या करना चाहिए

वैसे भारतीय संविधान में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। संविधान के दायरे में सरकार बातचीत कर सकती है, लेकिन इसके लिए माहौल बनाने की जिम्मेवारी नक्सलियों की है।

सरकार को नक्सलियों से जरूर बातचीत करनी चाहिए, लेकिन यह सब उस गारंटी के साथ होना चाहिए कि नक्सली अब खून-खराबा नहीं करेंगे और लेवी नहीं वसूलेंगे। सरकार को यह गारंटी भी लेनी चाहिए कि नक्सली अपनी गतिविधियों को पूरी तरह बंद कर देंगे और जो सरकार को चुनौती देगा, उससे कड़ाई से निपटा जायेगा। सरकार पर दबाव बनाकर कोई मनोवैज्ञानिक लाभ लेना चाहता है, तो उसे ये छूट नहीं दी जानी चाहिए। नक्सली भी जानते हैं कि सरकार उनकी शर्तों को नहीं मानेगी। माओवादी जानबूझ कर ऐसी शर्तें रखते हैं, जिससे सरकार बातचीत के लिए तैयार नहीं हो।

कुल मिलाकर बातचीत के जरिये नक्सलवाद का कोई अंत होता भविष्य में तो नजर नहीं आ रहा है। सरकार नक्सलियों की सशर्त बातचीत की पेशकश कभी स्वीकार नहीं करेगी। नक्सली भी यही चाहते हैं कि वार्ता शुरू होने से पहले ही टूटने का ठीकरा उनके माथे पर नहीं फोड़ा जाये।

---

## केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल रांची का प्रतिनिधिमंडल हेमंत सोरेन से मिला

# मुख्यमंत्री को रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल, रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने छह अप्रैल को रामनवमी महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य शोभायात्रा में सपरिवार सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रामनवमी के प्रतीक के रूप में श्री हनुमानजी की मूर्ति एवं गदा सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को रामनवमी महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



मौके पर डीआइजी-सह-एसएसपी रांची चंदन सिन्हा, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, राहुल कुमार सिन्हा (चंकी), सुभाष कुमार साहू, संतोष गुप्ता, प्रमोद शाश्वत, दीपक ओझा, आलोक दुबे, बिंदुल वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, राजू यादव, राकेश सिंह, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, कमलेश यादव, सागर कुमार, संजय पोद्दार, महेंद्र यादव, मेहुल दुब एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रशांत कुमार के छुट्टी से लौटने तक मनीष रंजन को जेएसएससी चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने एटीआइ के निदेशक मनीष रंजन को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। हालांकि अभी भी सरकार ने जेएसएससी चेयरमैन के पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं की है। मनीष रंजन को प्रशांत कुमार के लगभग एक महीने के अवकाश से लौटने तक जेएसएससी चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा गुरुवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना के मुताबिक जल संसाधन सह वित्त सचिव प्रशांत कुमार सात अप्रैल से दो मई तक अर्जित अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान जल संसाधन सचिव का अतिरिक्त प्रभार अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार सिंह एवं वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार प्रधान सचिव गृह कारा वंदना डाडेल देखेंगी। प्रशांत कुमार के छुट्टी से लौटने तक के लिए यह व्यवस्था की गयी है। मालूम हो कि जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार के पास वित्त सचिव एवं जेएसएससी चेयरमैन का भी अतिरिक्त प्रभार है। यहां मालूम हो कि स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक प्रकरण के बाद जेएसएससी के तत्कालीन चेयरमैन नीरज सिन्हा ने 21 फरवरी 2024 को इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से प्रशांत कुमार को जेएसएससी चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। अभी तक जेएसएससी चेयरमैन का पद प्रभार में ही चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा स्थायी नियुक्ति नहीं की जा सकी है।

## देवी कालरात्रि



*एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी ।। वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी ॥*

### अर्थ

*इनका रंग काला है। सिर के बाल बिखरे हुए और गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्रों से बिजली के तरह किरणें निकलती हैं। इनकी नाक से अग्नि की ज्वालाएं बहती है। इनका वाहन गधा है। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से ये सभी को वरदान देती हैं। नीचे वाला दाहिना हाथ अभयमुद्रा में है।*

### पूजा विधि

*देवी का ध्यान कर कलश पर चावल चढ़ायें और गंगाजल छिड़कें। कुमकुम, अक्षत और लाल चंदन लगाकर लाल फूलों के साथ काजल और पूजन सामग्री चढ़ायें। धूप-दीप लगायें। घी और गुड़ का भोग लगायें। अनार भी चढ़ा सकते हैं।*

# स्वयं सहायता समूहों को 13,659 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज की सहायता

**2.67 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया**

**2019 दिसंबर से अब तक 53,293 से ज्यादा समूह बने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समूह के क्रेडिट लिंकेज कार्य को गति दी गयी है। अब तक 2.91 लाख समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें वर्ष 2019 से अब तक 53,293 से ज्यादा समूह बने है एवं क्रेडिट लिंकेज में 14,204 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है, जो वर्ष 2019 दिसंबर से पूर्व 545.30 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास को गति देने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज सुनिश्चित कराने की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक हो रही है। इसके तहत एसएचजी सदस्यों को सरल शर्तों पर ऋण सुविधाएं प्रदान की गयीं, और उनकी आजीविका गतिविधियों को मजबूती मिली।

**बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड की प्रेमलता देवी को मिला क्रेडिट लिंकेज का सहारा :** प्रेमलता देवी जीवन ज्योति आजीविका सखी मंडल से जुड़ कर आज अपने परिवार का भविष्य संवार रही है। पति के असमय मृत्यु से प्रेमलता पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा था। पति के जाने के दुःख के साथ ही परिवार और बच्चों की जिम्मेदारी भी उन पर आ गयी। ऐसे मुश्किल समय में समूह का साथ मिला। प्रेमलता ने 50 हजार रुपये क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) के तहत ऋण लेकर सिलाई मशीन खरीद सिलाई का कार्य शुरू किया। मेहनत और अच्छे काम से प्रेमलता की आमदनी बढ़ने लगी और उन्होंने पुराने ऋण चुकाने के बाद सिलाई केंद्र खोलने के लिए ग्राम संगठन से तीस हजार रुपये ऋण लिया और काम को आगे बढाया। प्रेमलता कहती हैं कि परिवार के भरण पोषण के बारे में सोचकर काफी चिंतित रहती थी, लेकिन समूह की महिलाओं के हौंसले से मुझे हिम्मत मिली और आज सिलाई कार्य से प्रति माह करीब दस हजार आमदनी कर परिवार चला रही हूं।



### जामताड़ा की किरण झा क्रेडिट लिंकेज के जरिये बनीं सफल उद्यमी

नाला प्रखंड की किरण झा राधा कृष्ण आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने समूह के जरिए पहले आरसेटी से आचार-पापड़ बनाने का प्रशिक्षण लिया और कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50,000 रुपये ऋण से व्यवसाय शुरू किया। आज, वह सालाना 1.2 लाख रुपये कमाती हैं और अन्य महिलाओं को भी जोड़ चुकी हैं। डीडीयूजीकेवाइ से बेटे की ट्रेनिंग के बाद उसकी आय 3.6 लाख रु सालाना है। उनका परिवार अब खुशहाल है।

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 32 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है।

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 85,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

# राजभवन में राजस्थान दिवस और ओड़िशा दिवस समारोह मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में गुरुवार को राजभवन में राजस्थान स्थापना दिवस और ओड़िशा स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड में निवासरत राजस्थान और ओड़िशा के कई नागरिकगण उपस्थित थे। राज्यपाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य से बाहर रहने के कारण इन तिथियों पर राज भवन में दोनों राज्यों का स्थापना दिवस समारोह नहीं मनाया जा सका। उन्होंने दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजस्थान और ओड़िशा अपनी विशिष्ट परंपराओं, वीरता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए पूरे देश में विख्यात है। उन्होंने राजस्थान की वीर गाथाओं और स्थापत्य कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भूमि मेवाड़, मारवाड़, जयपुर, विश्व में प्रसिद्ध हैं। राज्यपाल ने ओड़िशा के गौरवमयी इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र है। भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि, कोणार्क का सूर्य मंदिर, पुरी का रथयात्रा महोत्सव और ओड़िसी नृत्य इस राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भव्यता को दर्शाते हैं। राज्यपाल ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन भारत की एकता को और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी विशेषता है, जो सभी को एक सूत्र में पिरोती है। राज्यपाल ने झारखंड में निवास कर रहे राजस्थान और ओड़िशा के नागरिकों को बधाई देते हुए सभी से अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और कर्मभूमि के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि आज दो राज्यों के लोग यहां एक साथ एकत्र हैं और स्थापना दिवस समारोह मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान रहा है और यहां के लोग सेना में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वहीं, हमारा पड़ोसी राज्य झारखंड की ही भांति खनिज संपदा से परिपूर्ण है। समारोह में ओड़िशा के राज्यपाल का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। वहीं, राजस्थान के राज्यपाल का संदेश पढ़ा गया।

www.epaper.azadsipahi.in

04 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 164

केंद्र सरकार का वक्फ विधेयक पारित, झामुमो के विरोध पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने साधा निशाना



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# वक्फ बिल पर राज्यसभा में खूब हुई गरमा-गरमी

## सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने रखी अपनी-अपनी बात





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दोपहर एक बजे पेश किये गये इस विधेयक पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जम कर बहस हुई। सदन के संख्या बल को देखते हुए बिल का पास होना तय है। लोकसभा इस बिल को बुधवार को पास कर चुकी है।

बिल पेश करते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किये गये बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रिया-कलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर-मुस्लिम नहीं करेगा। हमने पारदर्शिता, जिम्मेदारी और सटीकता पर केंद्रित बदलाव किये हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है। रिजिजू ने कहा कि अभी हाल ही में केरल में छह सौ परिवारों की जमीन पर वक्फ ने दावा कर दिया। कई कैथोलिक बिशपों और कई संगठनों ने हमसे अपील की है। इन सबने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करें। ऐसे कई केस हैं। मैं सबके बारे में नहीं बता सकता। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पर बनायी गयी संयुक्त संसदीय समिति ने 10 शहरों में जाकर अपना समय दिया है।

### लोकसभा में पास हुआ विधेयक

इससे पहले लोकसभा में बुधवार को 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। रात दो बजे हुई वोटिंग में 520 सांसदों ने भाग लिया। 288 ने पक्ष में और 232 ने विपक्ष में वोट डाले। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। चर्चा के दौरान एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिल फाड़ दिया। उन्होंने कहा, इस बिल का मकसद मुसलमानों को जलील करना है। मैं गांधी की तरह वक्फ बिल को फाड़ता हूं।

### बीजद ने सांसदों को खुद से फैसला लेने को कहा

बीजू जनता दल (बीजद) ने वक्फ बिल पर कहा है कि पार्टी ने अपने सांसदों को कोई व्हिप जारी नहीं किया है। सांसद अपनी अंतरआत्मा की सुनें और वक्फ बिल पर फैसला लें। राज्यसभा में बीजद के सात सांसद हैं।

## चर्चा में किसने क्या कहा

### यह बिल राष्ट्रीय हित का है: जेपी नड्डा



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्ववाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखायी। यह बिल पार्टी हित का नहीं है। यह राष्ट्रीय हित का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल पर चर्चा में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का चुनाव दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरल का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।

### ये बिल संशोधन कम और चालाकी ज्यादा: अभिषेक मनु सिंघवी



कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि संविधान ने जो दिया, ये बिल वो छीनने की कोशिश कर रहा है। इसमें संशोधन कम और साजिश ज्यादा है। कानून बराबरी का ना हो, तो सत्ता की चालाकी बन जाता है। ये कानून नहीं, सत्ता की मनमानी है।

### विधेयक पर आये सुझावों को सार्वजनिक किया जाये: संजय सिंह



आप के संजय सिंह ने कहा कि देश और सदन को गलत जानकारी दी जा रही है। एक करोड़ सुझाव आने की बात कही गयी। पूरे देश को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। इससे साफ होगा कितने लोग वक्फ संशोधन विधेयक के पक्ष में थे और कितने विरोध में थे। समाज में छुआछूत को मिटाने के कदम उठाना चाहिए। 80 फीसदी आरक्षण किये जाने का बिल लाया जाये, मैं उसका समर्थन करूंगा।

### विपक्ष कुछ बना-बिगाड़ नहीं सकता: रामगोपाल यादव



सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि कल लोकसभा में आधी रात के बाद तक चर्चा चली और बिल पास हुआ। मैंने सबके भाषण सुने, आज भी सुन रहे हैं। दोनों तरफ से अच्छे भाषण हुए। विपक्ष में बैठे हुए लोग कुछ बना-बिगाड़ नहीं सकते। मैं सरकार से अपेक्षा करता हूं कि वह उदार बनी रहे। सभी से समान व्यवहार करना चाहिए।

### मुस्लिमों की इतनी चिंता जिन्ना ने भी नहीं की थी : संजय राउत



शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राउत ने कहा कि दोनों सदनों में गरीब मुस्लिमों की बहुत चिंता हो रही है। हिंदू और मुस्लिम, दोनों इससे डरे हुए हैं। बैरिस्टर जिन्ना ने भी मुस्लिमों की इतनी चिंता नहीं की थी। मुझे लगता है कि जिन्ना की आत्मा कब्र से उठ कर रिजिजूजी के शरीर में घुस गयी है।

### इस देश के हिंदू-मुसलमानों को एक-दूसरे की आदत है: मनोज झा



राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि लालू यादव के एक वीडियो को कट करके चलाया गया। उनके भाषण संसद के अर्काइव में हैं। उन्हें भी चलाया जाना चाहिए था। दोनों पक्ष आये हैं तैयारियों के साथ, हम गर्दनों के साथ, वे आरियों के साथ। इस देश के हिंदुओं को मुसलमानों की आदत है। मुसलमानों को हिंदुओं की आदत है। इस आदत को मत बदलिये।

### हमारी पार्टी वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में : एचडी देवगौड़ा



पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी जनता दल (सेक्युलर) वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का समर्थन करती है। उन्होंने इस कानून को लाने के लिए मोदी सरकार को बधाई दी।

### क्या मुस्लिमों का विकास नहीं होना चाहिए: राधामोहन अग्रवाल



भाजपा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने भाजपा सांसदों की मीटिंग में कहा था कि लोग कहते हैं कि मुसलमान हमें वोट नहीं देते। नहीं, मुस्लिम हमें वोट देते हैं। अगर वोट मुस्लिम हमें वोट नहीं देते, तो क्या वे इस देश के नागरिक नहीं हैं। क्या उनका भी विकास नहीं होना चाहिए। क्या मुसलमानों का विकास हुए बिना देश के विकास का सपना साकार हो सकता है। पीएम मोदी ने ये बात चुनाव से छह महीने पहले कही थी।

### इतना बुलडोजर चलाया कि मुस्लिमों का भला नहीं होगा : सरफराज अहमद



झामुमो सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि इस सरकार ने इतना बुलडोजर चलाया है कि मुस्लिमों का भला नहीं होगा। वक्फ बिल से मुस्लिमों का भला नहीं होगा। उनका भला शिक्षा, रोजगार से होगा। वक्फ किसी की जमीन नहीं हड़पता है। वक्फ की जमीनों पर बहुत कब्जा हुआ है।

## न्यूज रील्स

### गुजरात में जगुआर क्रैश, पायलट की मौत

जामनगर। गुजरात के जामनगर में बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे भारतीय वायुसेना का फाइटर जेट जगुआर क्रैश हो गया। हादसे में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव की मौत हो गयी। फाइटर जेट ने जामनगर एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरी थी। इस हादसे में दूसरा पायलट घायल हुआ है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव हरियाणा के रेवाड़ी के रहनेवाले थे। वह 31 मार्च को छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर लौटे थे। सिद्धार्थ की 23 मार्च को सगाई हुई थी। इसी साल दो नवंबर को उनकी शादी तय हुई थी। चार अप्रैल की सुबह उनका पार्थिव शरीर सेक्टर-18 पहुंचेगा। वहां से उनके पैतृक गांव माजरा भालखी ले जाया जायेगा, जहां सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# तीन देशों की यात्रा पर जायेंगे सीएम हेमंत

- 19 से 26 तक पुर्तगाल, स्वीडन और स्पेन प्रवास पर रहेंगे
- कल्पना, सुदिव्य और अधिकारियों की टीम भी रहेगी साथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन देशों के दौरे पर जायेंगे। यह विदेश दौरा 19 अप्रैल से 26 अप्रैल तक होगा। उनके साथ कल्पना सोरेन के अलावा कुल आठ लोगों की टीम होगी। उसमें नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव और अन्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्चस्तरीय टीम पुर्तगाल, स्वीडन और स्पेन का दौरा करेगी। दौरे के दौरान झारखंड में पूंजी निवेश के लिए वहां की सरकार, उद्योग जगत की हस्तियों और संस्थाओं के साथ बातचीत होगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विदेश दौरे पर जानेवाली टीम के लिए राज्य सरकार ने विदेश मंत्रालय से राजनीतिक क्लीयरेंस की मांग की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उद्योग विभाग ने मुख्यमंत्री के इस विदेश दौरे के लिए विस्तार से प्रस्ताव तैयार किया है। बता दें कि राज्य सरकार अब झारखंड में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए पूंजी निवेश को आकर्षित करने में जुट गयी है। विधानसभा के बजट सत्र के बाद देश के दूसरे सबसे बड़े उद्योगपति गौतम अडाणी के साथ मुख्यमंत्री की मुलाकात और लंबी बातचीत उसी प्रयास का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा भी है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार 20-22 हजार करोड़ रुपये के पूंजी निवेश को अंजाम तक पहुंचाना चाहती है।

**रघुवर दास और अर्जुन मुंडा भी कर चुके हैं विदेश दौरा**

झारखंड में अब तक कोई बड़ा पूंजी निवेश नहीं हो सका है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भी इसके लिए प्रयास किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अक्तूबर 2017 में जापान और चेक रिपब्लिक का दौरा किया था। उससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी पूंजी निवेश के लिए विदेश दौरा कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने तो रांची में पूंजी निवेश को आमंत्रित करने के लिए मोमेंटम झारखंड का आयोजन किया था।

# भारत-थाइलैंड सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं, बढ़ायेंगे रणनीतिक साझेदारी: नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और थाइलैंड के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। ये संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने भारत-थाइलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने गुरुवार को थाइलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगर्तान शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद उन्होंने शिनावात्रा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाइलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाइलैंड का विशेष स्थान है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाइ सरकार ने 18वीं सदी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किये, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाइ सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा के दौरान डाक टिकट जारी करने के लिए मैं थाइ सरकार का आभारी हूं।



### दिलों और परंपराओं को जोड़ता है रामायण: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर बैंकॉक पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव, जो किसी और जैसा नहीं था! थाइ रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था, जिसने भारत और थाइलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।

# संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

- जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी
- जज के घर कैश मिलने के बाद हुआ फैसला



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाये रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। एक अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है। जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ा ब्योरा सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी, हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं। एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाइकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे।

### 1997 में भी आया था ऐसा प्रस्ताव

बता दें कि 1997 में तत्कालीन सीजेआइ जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें जजों से अपेक्षा की गयी थी कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी। इसके बाद 2009 में न्यायाधीश संपत्ति और देनदारियों की घोषणा विधेयक संसद में प्रस्तुत किया गया। इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के जजों को अपनी संपत्ति की घोषणा करने कहा गया था। हालांकि इसमें यह प्रावधान था कि घोषणाएं सार्वजनिक नहीं की जायेंगी। इस प्रावधान के कारण विधेयक को विरोध का सामना करना पड़ा और इसे स्थगित कर दिया गया।

# शिवाजी ने भारत की हार की परंपरा का दौर खत्म किया, इसलिए वे युगपुरुष : भागवत

आजाद सिपाही संवाददाता



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को नागपुर में एक पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने देश में सदियों से चल रही विदेशी आक्रमणकारियों से हार की परंपरा को खत्म किया। उन्होंने देश में आक्रमणों के चक्र को तोड़ा। इसलिए उन्हें युगपुरुष कहा जाता है। युद्ध हारने की यह परंपरा सिकंदर महान के समय से लेकर इस्लाम फैलाने के नाम पर हुए बड़े हमलों तक जारी रही। भारत की व्यवस्थाओं को नष्ट किया जाता रहा। विजयनगर साम्राज्य और राजस्थान के राजा भी इसको लेकर कोई समाधान नहीं निकाल पाये। भारत लंबे समय तक हार की परंपरा से जूझता रहा। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य स्थापित हुआ। शिवाजी महाराज पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने ऐसे हमलों और आक्रमणों का समाधान निकाला। विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार हार का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ समाप्त हो गया। सर संघचालक ने कहा शिवाजी महाराज की प्रेरणा आज भी प्रासंगिक है। रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्वों ने भी शिवाजी से प्रेरणा ली।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ शुरू



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत धरमपुर पंचायत के आदिवासी टोला पानिमाको में नवनिर्मित हनुमान मंदिर से गुरुवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। गुरुवार सुबह को गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर शामिल हुईं। श्रद्धालुओं के जयकारे व भजनों से माहौल भक्तिमय हो उठा। महायज्ञ के आचार्य अनंत पांडेय, पंकज पंडा, केदार पांडेय के निर्देशन में पूजा का कार्यक्रम शुरू कराया गया। इसके बाद प्रमुख संतोष मंडल, धरमपुर मुखिया कांति देवी, पंसस राजेश कुमार यादव, रवि सिंह, राजू यादव, महेश अग्रवाल, अशोक यादव, कृष्णा साव आदि के द्वारा कलशयात्रियों के माथे पर कलश देकर यात्रा की शुरुआत की गयी। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर कुमरार नदी पहुंची। जहां पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके बाद यज्ञ स्थल पर आकर कलश स्थापित की गयी। महायज्ञ समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया की महायज्ञ की पूर्णाहुति 5 अप्रैल को होगी। उसी दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का भी कार्यक्रम आयोजित होगा। कलश यात्रा के दौरान मुख्य पुजारी बिनोद विश्वकर्मा, मालती देवी, लालो मांझी, मनी देवी, सुरेश प्रजापति, रूपन साव, प्रवीण यादव, सहदेव गोप, राजेश यादव, पिंटू साव, सूरज ठाकुर, सहदेव कुमार, प्रकाश यादव, उमेश यादव, संजीत यादव, चूडका मांझी, बबन मांझी, बाबूलाल मांझी, हडमा मांझी, साहेबराम टुडू, प्रकाश टुडू, मोतीलाल मांझी, लक्ष्मण टुडू, शिबराम टुडू, सीताराम टुडू, महा टुडू, तालो मांझी, जगदीश टुडू, कृष्णा टुडू, अनिल टुडू, राजाराम टुडू, चरकू टुडू, सुरेंद्र टुडू, प्रदीप टुडू, सुखदेव टुडू, धनीराम मांझी, सन्नी देवी, टेकनी देवी, चांदमुनी देवी, लीलमुनी देवी, पूनम देवी, बसंती देवी, सपना कुमारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## दर्जनों छठ घाटों में डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आस्था का पर्व चैती छठ पूजा के लिए बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवो के छठ घाटों में बृहस्पतिवार को अस्ताचल गामी सूर्य को छठवर्तियों ने प्रथम अर्घ्य दिया। छठ वर्ती 36 घंटे उपवास रहकर 5:00 बजे अपने-अपने घरों से छठ वर्ती छठ घाट पहुंचे। भगवान सूर्य के अस्त होने का इंतजार छठ वर्ती पानी में डूब कर करते रहे। अर्घ्य देने वाले श्रद्धालु भी घंटो इंतजार करते रहे। जैसे ही घड़ी के सुई 5:40 पर पहुंची, वैसे ही छठ व्रतियों के चेहरे खिल उठे और पारंपरिक ढोल बाजा बजाने लगा। छठ वर्ती भगवान सूर्य को प्रथम अरघ दिया। साथ ही दर्जनों श्रद्धालु भी अर्घ्य दिया। इसके बाद देर शाम तक पूजा-अर्चना करते रहे। शुक्रवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन हो जायेगा। छठ वर्ती को अहले सुबह पुनः छठ घाट पर पहुंचेंगे और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे। बड़कागांव के गुरु शक्ति में प्रेम महतो, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी जयवीर महतो, नंदकिशोर जयसवाल, सिकंदर महतो, ठाकुर मोहल्ला में विनोद सिन्हा, जयप्रकाश सोनी उर्फ महिपाल सोनी, रेंज ऑफिस के सामने प्रदीप गुप्ता, अमित गुप्ता, दुर्गा सोनी हरली में रामसुंदर मेहता, महुगाई कला में भीखन साव, मित्तलाल साहू, मनोज साहू, चोपदार बलिया में नागेश्वर यादव समेत अन्य घरों में चैती छठ पूजा की गयी। चैती छठ पूजा बड़कागांव, हरली, बादम सांढ, विश्रामपुर, नयाटांड़, गोसाई बलिया, तलसवार, महुगाई खुर्द, चंदोल, सिकरी आदि गांव में मनायी गयी।

## दारू में व्रतियों और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूरे भक्तिभाव और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। गुरुवार की शाम श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया, और सुबह उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन हो जायेगी। प्रखंड के बक्शीडीह, दारुडीह, बासोबार, भटविघा, सुल्तानी, पिपचो, इरगा, बड़वार, दारू खैरिका, पेटो, हरली, गोपलो, कवालु, जिनगा, मेडकुरी खुर्द, कबलासी, पुनाई आदि स्थानों के छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। स्थानीय युवाओं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से छठ घाटों की सफाई की गयी। पूरे छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखा और सूर्य देव की आराधना की। पूजा के इस पावन अवसर पर क्षेत्र में आस्था, भक्ति और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला।

## नवरात्रि भजन-कीर्तन से गूंज उठा हर घर माता के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** माता रानी की भक्ति का महापर्व नवरात्रि इस बार सामंतो काली मंदिर समिति द्वारा घर-घर भजन-कीर्तन के आयोजन के साथ और भी भव्य हो गया। बुधवार देर शाम रीना-संजय सेठ के घर माता के भक्तों ने एकत्रित होकर देर रात तक भजन-कीर्तन किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। कीर्तन में मीना पाण्डेय ने अपने मधुर स्वरों में गायिलिया डोलिया कहार माई के करू करू मलिनिया श्रृंगार माई के.. गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इंदु जायसवाल की आवाज में तीते पाते नीमिया गछिया, तीते पाते पतिया, काहे हो मइया झुलुआ निमिया तले लगवली.. सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। प्रतिमा सिंह ने भुअर भुअर बघाबा पर होइके सवार होके आजा मइया.. गाकर समां बांध दिया, तो पूनम सेठ की ज्योत मइया के हमने जलायी है.. ने भक्ति की लौ को और प्रज्वलित कर दिया।सुमन पाण्डेय के भजन नाचूंगी मैं नाचूंगी रघुनंदन के आगे मैं नाचूंगी.. पर श्रद्धालु झूम उठे, वहीं फूल कुमारी भारती की मइया के मनभावन सूरतिया सबके दीवाना बनेलाबा.. ने कीर्तन को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। आयोजन में जसवीर कारला, पुष्पा सिंह, सुनीता लाल, मुन्नी वर्णवाल, पुनम वर्णवाल, इंदु यादव, सोनी जायसवाल, तारा पांडेय, सुदेश छाबड़ा, सुनीता चौधरी, विभा वर्णवाल, अनिता वर्णवाल, सीमा वर्णवाल और सावित्री त्रिपाठी ने मनोयोग से भाग लिया और भजनों की महफिल को और भी रोशन कर दिया। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को सामंतो काली मंदिर में भव्य कीर्तन, माता का विशेष श्रृंगार और नवकन्या पूजन किया जायेगा। इसके बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

# सीएम हेमंत सोरेन आज हजारीबाग में

- झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में करेंगे शिरकत
- जिला स्कूल मैदान में होगा झामुमो का स्थापना दिवस कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को हजारीबाग आयेंगे। यहां झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम जिला स्कूल मैदान में आयोजित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया, जिला सचिव नीलकंठ महतो, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह समेत झामुमो के कई नेता और कार्यकर्ता लगे हैं। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2 बजे हजारीबाग पहुंचेंगे, उसके बाद सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। उनका हेलीकॉप्टर जीपीए में उतरेगा। वहां से कार के द्वारा सभा स्थल पहुंचेंगे। बताया कि मुख्यमंत्री के अलावा गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगी। इनके अलावा झारखंड के मंत्री योगेंद्र महतो, विधायक मथुरा महतो, मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य समन्वय समिति सदस्य फागू बेसरा, बिनोद पांडे, वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह समेत कई बड़े नेता और विधायक कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही बताया कि कार्यक्रम में 20 हजार लोग जुटेंगे और अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बात सुनेंगे। मौके पर केंद्रीय नेता दिलीप वर्मा, पूर्व मेयर अंजली कुमारी, विकास राणा, सरफराज अहमद, निसार अहमद, सुनील शर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, इचाक उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, बिक्की धवन, दयानंद कुमार, आनंद सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हजारीबाग में रामनवमी जुलूस का सौ साल का है इतिहास

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है इसकी पहचान

- 36 घंटे तक रामभक्त सड़क पर उतर जय श्रीराम का करते हैं जयघोष

दीपक सिंह



फाइल फोटो

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग का ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। 1918 से रामनवमी जुलूस की शुरुआत हुई जो आज तक जारी है। इसके इतिहास की अगर बात की जाये तो 1918 में स्वर्गीय गुरु सहाय ने इस जुलूस की शुरूआत की थी। स्वर्गीय गुरु सहाय और उनके मित्रों के द्वारा महावीर झंडा का जुलूस निकाला गया और गाजे-बाजे के साथ विभिन्न मंदिर का भ्रमण किया गया। उनकी मृत्यु के बाद उनके परिवार वाले और समाज के लोगों ने इस जुलूस को आगे बढ़ाया। जिसमें तय किया गया कि नियमित हर साल भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया जायेगा। जुलूस की परंपरा को शहर के समाजसेवी हीरालाल महाजन, टोबरा गोप, कर्मवीर, कन्हैया, घनश्याम, पांचू जैसे राम भक्तों ने आगे बढ़ाया। उन्होंने 1960 में महासमिति का गठन किया। हजारीबाग ग्वाल टोली के द्वारा ताशा पार्टी को पहली बार 1970 में लाया गया। कहा जाए तो उसी साल से ताशा की परंपरा भी रामनवमी जुलूस में जुड़ गयी है। समय के साथ-साथ रामनवमी जुलूस की शक्ल भी बदलती चली गयी। हजारीबाग में रामनवमी जुलूस 3 दिनों का होना शुरू हुआ। धीरे-धीरे झांकियों का प्रचलन 1980 के दशक से शुरू हुआ। हजारीबाग और उसके आसपास के जिला के कई अखाड़े यहां पहुंचने लगे। रामनवमी के समय मोहल्ला को अखाड़ा का नाम दिया गया। देश भर में हजारीबाग की रामनवमी प्रसिद्ध है। देश भर में जुलूस जहां नवमी को निकलती है और सब जगह जब संपन्न हो जाता है तो हजारीबाग में दशमी को जुलूस निकलता है जो अनवरत 36 घंटे जारी रहते हुए ग्यारहवीं के रात्रि को संपन्न होता है। जुलूस में शहर के हीं नहीं शहर से 25 किलोमीटर दूर से भी झांकियां शामिल होने आती है। आज शहर में आने वाले झांकियों की संख्या 100 से अधिक हो गयी है। रामनवमी की जुलूस के लिए मार्ग और समय भी निर्धारित है। हजारीबाग की रामनवमी को इंटरनेशनल भी कहा जाता है और यहां लाखों की भीड़ जुटती है। इस जुलूस में लगभग तीन से चार लाख लोग पहुंचते हैं। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम ने जयघोष से गूंज उठता है।

# हजारीबाग ट्रैफिक पुलिस ने एक माह में 1.23 करोड़ से अधिक जुर्माना वसूला

- ट्रैफिक नियम का पालन करें और जुर्माना से बचेः श्रवण कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** यातायात नियम को कड़ाई से पालन कराने को लेकर हजारीबाग ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चला रही है और प्रयासरत है। फिर भी नियम को तोड़ने वालों की तादात नहीं घट रही। यातायात पुलिस ने 1 मार्च से 31 मार्च तक कुल 1 करोड़, 23 लाख, 15 हजार, 350 रुपये जुर्माना के रूप में वसूले हैं। ट्रैफिक पुलिस ने बस, ट्रक, टोटो, ऑटो जैसे 721 वाहनों से जुर्माना वसूला है। वहीं 8714 टू व्हीलर से भी जुर्माना वसूला गया है। जुर्माना बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले, नो एंट्री में वाहन प्रवेश करने वाले वाहन शामिल हैं। वहीं ट्रैफिक रूल्स का पालन नहीं करने वाले कार, ट्रक और बस समेत अन्य वाहनों का चालान काटा गया। पूरे माह में कुल 9435 चालान काट कर कुल 1,23,15,350 रुपये फाइन के रूप में वसूले गये। ट्रैफिक प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस का मकसद कभी भी फाइन वसूलना नहीं है बल्कि, लोगों से ट्राफिक रूल्स का पालन कराना है। अगर ट्रैफिक रूल्स का पालन करेंगे तो कभी भी उन्हें फाइन नहीं देना पड़ेगा। बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड बाइक नहीं चलाए। साथ ही चार चकिया वाहन पर बैठते है सीटबेल्ट अवश्य लगाये।

## रामनवमी अखाड़ा और रूट का किया निरीक्षण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। 6 अप्रैल को प्रखंड में रामनवमी का त्योहार मनाया जायेगा। रामनवमी की तैयारी को लेकर गुरुवार को मरकच्चो सीओ परमेश्वर कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, थाना प्रभारी नंद किशोर तिवारी ने प्रखंड के विभिन्न अखाड़ो का निरीक्षण किया। अखाड़ा निरीक्षण के साथ-साथ जुलूस का रुट को भी देखा गया। इस दौरान प्रशासन ने प्रखंड के मरकच्चो, जामु, दशारो, लोहोंडीयो, नावाडीह, दरदाही समेत प्रखंड रामनवमी अखाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासन द्वारा बताया गया की झूलते बिजली तार, रास्ते में गढ़े, पानी का जमाव, रास्ते में घर बनाने केलिए गिराये गये ईट, पत्थर, बालू समेत अन्य का निरीक्षण किय्या तथा अविलंब इसे हटा लेने का निर्देश दिया गया।**

# बड़कागांव में निकाली गयी कलश यात्रा



- श्रद्धालुओं के लिए जामा मस्जिद के पास और ठाकुर मोहल्ला में शरबत की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** दैनिक बाजार स्थित स्थापित मां बासंती दुर्गा मंदिर प्रांगण से पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा बड़कागांव दैनिक बाजार, कुशवाहा मोहल्लाह, लोहार मोहल्लाह, अंबेडकर मोहल्लाह, स्वर्णकार मोहल्लाह, पंडित मोहल्लाह, मुस्लिम मोहल्लाह, ठाकुर मोहल्लाह, होते हुए बड़का गांव रेंज ऑफिस, मुख्य चौक, थाना रोड होते हुए छवनिया नदी से जल का उठाव कर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे। कलश यात्रा में सैकड़ो कन्याएं कलश के साथ शामिल हुई, वहीं राम, लक्ष्मण, सीता और वीर हनुमान की जीवंत झांकी की प्रस्तुति शोभा का केंद्र था। इस दौरान कड़ी धूप और गर्मी को देखते हुए बड़का गांव जामा मस्जिद के पास मुखिया तकरीमुलाह खान के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय ने पानी का बोतल देकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं ठाकुर मोहल्ला में पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर और ग्राम अध्यक्ष सुभाष ठाकुर के नेतृत्व में नाई समाज के द्वारा शामिल लोगों को शरबत पिलाया गया। कलश यात्रा में मुखिया तकरीमुलाह खान और मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग शामिल होकर अपनी सहभागिता निभायी। जिसमें दोनों समुदाय के बीच आपसी सौहार्द देखने को मिला। मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामनवमी महा समिति अध्यक्ष विवेक सोनी, सचिव बैजनाथ महतो, मां बसंती दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, सचिव सरोज सोनी, रामसेवक सोनी, कृष्ण प्रसाद, बृजेश वर्मा, गौतम वर्मा, सत्यदेव कुमार, मजहर खान, सोनू इराकी, रोहित खान, मुस्लिम मियां, मेवालाल नाग, सरोज कुमार मेहता, मनोज कुमार, रामधनी महतो के अलावा मां बसंती दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्य गण शामिल थे।

## बनासो में श्रीराम कथा का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनासो में 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलने वाले हनुमत महायज्ञ के दूसरे दिन राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य पुरेन्द्र और देवघर से आई कथा वाचिका मंजू लता शास्त्री के प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु जुटे। आचार्य पुरेन्द्र ने कहा कि श्रद्धा और समर्पण से किया हुआ यज्ञ निश्चित ही सफल होता है और वह कल्याण कारी होता है। यज्ञ के आयोजन से आसपास का वातावरण भक्तिमय है, विश्व के कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया जाता है। मंजुलता शास्त्री ने कहा कि आप घर मे माता पिता बड़े बुजुर्गों की सेवा करें इससे बड़ा तीर्थ कोई नहीं है। पति की सेवा करे पतिव्रता नारी से कोई जीत नहीं पाया। उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को भजन कीर्तन कर खूब झुमाया। इसके अलावा वृंदावन से आये कलाकार के द्वारा रासलीला का भी कार्यक्रम हुआ। यज्ञ के तीसरे दिन पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल यज्ञ स्थल पर पहुंचे और पूजा अर्चना किया। मौके पर आचार्य वीरेंद्र शास्त्री, अमुल्य चंद्र पांडेय, धनु पांडेय, राजू यादव, प्रयाग पासवान, रामेश्वर पासवान, दामोदर रविदास, नरेश पासवान, भागीरथ पासवान, संतोष पासवान, हीरालाल पासवान, छेदी पासवान, राजन पासवान, बैजनाथ रविदास, चंद्र रविदास, मिट्ठू रविदास, जय नाथ यादव, निर्मल रविदास, रामचंद्र पासवान, सुमिंद्र पासवान, शिक्षक अजय पासवान, समन रविदास, चंद्रमोहन रविदास सहित अन्य धर्म प्रेमी उपस्थित थे।**

## पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला बल में पदस्थापित पुअनि संजय कुमार दास के निधन पर पुलिस लाईन चंदवारा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से एसपी अनुदीप सिंह, डीएसपी मुख्यालय समेत पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी, पुलिस केंद्र के पदाधिकारी, कर्मी शामिल थे। इस दौरान उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया गया। साथ ही उनके परिजनों को सांत्वना दिया गया। श्रद्धांजलि के बाद उनके शव को उनके पैतृक गांव गिरिडीह के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

## पुलिस प्रशासन ने लगायी महुदी गांव में बैरीकेड



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पुलिस प्रशासन द्वारा बड़कागांव थाना क्षेत्र के महुदी ग्राम में रामनवमी मार्ग को लेकर बुधवार को बैरिकेडिंग लगा दी गयी। जो क्षेत्र में पुनः चर्चा का विषय है। लोगों में चर्चा है कि जहां एक ओर 2 दिन पूर्व जहां कलश यात्रा के दौरान छावनिया गांव में गंगा जमुना तहजीब की मिसाल पेश की गयी वहीं दूसरी ओर महुदी ग्राम में रामनवमी जुलूस पर पिछले 40 वर्षों से रोक लगा दी गयी है। हालांकि 2019 में प्रशासन के पहल पर तिरंगा यात्रा के शक्ल में रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाला किया गया था और सोनपुरा से पुनः वापस गांव की ओर गये थे। तब लोगों के मन में एक बड़ी आस लगी थी लेकिन वह भी धारा का धरा रह गया और आज भी महुदी ग्राम के लोगों का जुलूस निकालने का सपना अधूरा रह गया। बैरिकेडिंग लगने के बाद महुदी ग्राम में दर्जनों पुलिस बल और कई अधिकारी तैनात है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के चाराडीह के समीप गुरुवार को एक वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान लख्खीबागी निवासी मोहम्मद शमीम उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार तिलैया से लख्खीबागी अपने घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

## जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी परिमल कुमार को पितृ शोक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, हजारीबाग के सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार के पिता महेश कुमार स्वर्णकार, उम्र 70 वर्ष का निधन गुरुवार सुबह हो गयी। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और कई माह से डायलिसिस पर थे। इनके निधन पर जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी के अलावा जिले के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

## मुस्लिम समाज के गरीब और महिलाओं को अधिकार मिलेगा : डॉ नीरा यादव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का स्वागत करते हुए कहा है कि यह मुस्लिम समाज के गरीब और महिलाओं को उनके हक और अधिकार दिलाने वाला विधेयक है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विधायक ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उनपर गलत सूचना और भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि ये कानून मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का इरादा नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का जो दल विरोध कर रहे हैं, वह मुस्लिम समाज की महिलाओं की प्रगति और विकास को नहीं देखना चाहते हैं। कहा कि वक्फ बोर्ड को भू माफियाओं और लुटेरों के चंगुल से मुक्त कराकर गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन कुछ लोग इसे गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करने की बजाय भू-माफियाओं के लिए काम कर रहे हैं। जबकि उन्हें गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि 2013 में कांग्रेस की नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने गैरकानूनी तरीके से संशोधन कर वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दे दिया था। इसके तहत वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन पर अपना अधिकार जता सकता था। पर अब इस मनमानी पर रोक लगेगी और सभी लोगों का भला हो सकेगा। उन्होंने इस बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मुस्लिम समुदाय के लिए न्याय और पारदर्शिता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 1965 से रुपायडीह में हो रही चैती दुर्गा पूजा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रुपायडीह में चैत्री वासंती दुर्गा पूजा 1965 से लगाया जा रहा है। बंधन राणा बीसीसीएल में कार्य कर रहे थे। लेकिन उनके ऊपर चाल गिर गया था। बंधन राणा के भाई लाटो राणा, रामेश्वर राणा ने मां दुर्गा से प्रार्थना किया कि मेरा भाई बंधन राणा स्वस्थ्य हो जायेंगे तो मैं मां दुर्गा का प्रतिमा चैत्र माह में बैठाकर पूजा-अर्चना करेंगे। मां दुर्गा का आशीर्वाद मिला और बंधन राणा स्वस्थ हो गये। उसके पश्चात 1965 में ग्राम रुपायडीह में मां दुर्गा का प्रतिमा लगाकर श्रद्धा भक्ति पूर्वक पूजा-अर्चना प्रारंभ किया। पुजारी बेबी देवी पति इंद्रदेव राणा ने बतायी की यहां भक्तों की मन्नत पूरा होने पर मां दुर्गा का साज-सज्जा चढ़ाया जाता है उन्होंने बताए कि सच्ची मन से मां दुर्गा का पूजा-अर्चना करने से मनवांक्षित फल प्राप्त होते हैं। हमारे परिवार के लोग किसी से चंदा नहीं मांगते हैं। काई श्रद्धालु भक्त अपने मन से सहयोग करते हैं तो मैं उनसे लेकर पूजा करते हैं। इस वर्ष मां का साज सज्जा रुपायडीह निवासी विजय राणा, मधवाटांड़ निवासी भीमसेन यादव ने परिवार के साथ मां का साज-सज्जा चढ़ाया। पूजा संपन्न कराने में मुखिया गणपति यादव, समाजसेवी बिरेंद्र यादव, भोला यादव, रविंद्र यादव, श्याम सुंदर राणा, बाबुलाल राणा, बालेश्वर यादव, अनिल राणा, बलदेव राणा, रामदेव दास, अशोक दास सहित कई लोग शामिल हैं।

## मुखिया ने की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

हंटरगंज (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी में गुरुवार को मुखिया नरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की एक बैठक आहुत की गयी। बैठक में विद्यालय के सभी सदस्य और शिक्षक उपस्थित हुए। मुखिया ने उपस्थित शिक्षक, प्रबंधन समिति और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय के संचालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को कई सुझाव देते हुए बच्चों के प्रति जिम्मेदार बनने की नसीहत दिया गया। मुखिया ने कहा कि अभिभावक भी बच्चों को साफ सफाई के साथ समय पर विद्यालय भेजें और घर जाने के बाद उनपर ध्यान रखें। मुखिया ने शिक्षकों से बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने, किसी तरह का भेदभाव नहीं रखने तथा मध्याह्न भोजन में कोई कोताही नहीं बरतने की बात कही। बैठक में मुखिया के अलावा विद्यालय के सचिव विशाल रजक, सभी शिक्षक, समिति के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे।

### रामनवमी पर्व को लेकर डीसी, एसपी ने की शांति समिति की बैठक

# रामनवमी में बजेंगे धार्मिक गीत, डीजे पर प्रतिबंध: डीसी

**सोशल मीडिया में अफवाह से रहे सावधान, बिना पुष्टि कोई भी पोस्ट ना करें शेयर: एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी पर्व को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता और एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीसी-एसपी के द्वारा पर्व को भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए समितियों और अखाड़ों के सदस्यों से आवश्यक सुझाव लिए गये। दोनों पदाधिकारियों के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया कि जुलूस और झांकी में सिर्फ धार्मिक गीत ही बजेंगे। डीजे पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाया गया है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी।

**जुलूस के रास्ते से हटाये जायें कंस्ट्रक्शन आइटम: एसपी:** बैठक के दौरान एसपी अजय कुमार ने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना प्रभारी और शांति समिति के सभी सदस्यों को जुलूस के रास्ते में किसी भी प्रकार से घर निर्माण से संबंधित सामग्री को हटाने का निर्देश दिया। जो सामान नहीं हटाए जा सकेंगे उसे पूरी तरीके से ढंकना होगा। उन्होंने पर्व के दौरान पर्याप्त लाइट की व्यवस्था करने, आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**बिना पुष्टि के सोशल मीडिया पर ना डालें पोस्ट: एसडीओ:** बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने जिला वासियों से अपील किया कि सोशल मीडिया में बिना पुष्टि किये कोई भी पोस्ट को शेयर ना करें। पर्व के दौरान सोशल मीडिया में भ्रामक और अफवाह फैलाने वाले पोस्ट करने वाले लोगों की चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में वरीय अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



### निर्धारित रूट पर ही निकलेगा जुलूस

डीसी चंदन कुमार ने कहा कि रामनवमी का जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकलेगा। पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। हालांकि धार्मिक गीत बजाये जाने पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन किसी भी हाल में कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाया जायेगा। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर डीसी ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ यथासंभव एक-एक पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त करने की भी बात डीसी ने कहीं।

### 86 स्थलों पर तैनात होंगे जवान

बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। साथ ही दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जायेगी। इस दौरान डीसी ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।

### शराब पीकर निकले तो थाने में गुजरेगी रात

पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा किसी अन्य नशे की हालत में किसी भी व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी
Fuelling Sustainable Growth

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref.No.: 43 Date: 03.04.2025

APPLICATION FOR THE POST OF CHIEF EXECUTIVE OFFICER (CEO)

Applications are invited for the post of Chief executive Officer by Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. from eligible candidates. The appointment will be made initially for a period of three years on contract basis.

The last date for receiving application shall be **28.04.2025** and shortlisted eligible candidate will be called for interview. The date of interview, decided by the Bank will be communicated to shortlisted candidates through e-mail.

For eligibility criteria and other details, please visit website: https://jscb.gov.in.

Sd/- Chairperson, JSCB Ltd., Ranchi

## सरैया टोला में बन रहा आकर्षक पूजा पंडाल

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर सरैयाटोला में बसंती दुर्गा पूजा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इसके लिए पूरे जयनगर पंचायत सहित आस-पास गांव के लोग सहयोग कर रहे है। दुर्गा मंडप के सामने एक सुंदर भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल का भी निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल 70 फीट पंडाल ऊंचा और 50 फीट चौड़ा बनाया जा रहा है। 2 लाख 51 हजार की लागत से बनने वाले पंडाल का निर्माण सरैया टोला के ही कलाकार जयदेव के निर्देशन में दर्जन भर सहायकों द्वारा किया जा रहा है। नारंगी रंग के कपड़े से बन रहे यह पंडाल दूर से ही लोगों का मन मोह रहा है। इस दुर्गा पूजा के सफल आयोजन में अध्यक्ष जगन्नाथ साव, सचिव वीरेंद्र साव कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद, अरविंद गिरी, सोहन प्रसाद, निखिल प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, गौतम प्रसाद, रितेश कुमार, राजन कुमार, संजय प्रसाद, रोशन प्रसाद, राहुल कुमार, परमेश्वर प्रसाद, विनोद प्रसाद, सुजीत कुमार, विशाल कुमार, सुनील कुमार सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## विधायक रोशन लाल ने सामुदायिक पुस्तकालय का किया उद्घाटन



उरीमारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव क्षेत्र अंतर्गत गरसुला पंचायत के चानो में गुरुवार को सामुदायिक पुस्तकालय चानो का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिवारी उर्फ निर्मल महतो और उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर गाजे बाजे के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बच्चियों ने अतिथियों के स्वागत में नृत्य-संगीत प्रस्तुत कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवकी महतो, और संचालन युगेशवर महतो और राजेंद्र महतो ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बड़कागांव विधायकऔर मांडू विधायक के समक्ष गांव की विकास समस्याओं से संबंधित बातों को रखा। दोनों विधायकों ने समस्याओं को सुना और समाधान करने का आशवासन दिया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कुमेशवर महतो अध्यक्ष कुर्मी महासभा झारखंड, रीमा कुमारी महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हजारीबाग, समाज सेवी कैलाश महतो, संदीप महतो, उमाशंकर महतो, सुरेश महतो, राजेंद्र महतो, बासुदेव महतो, धनेश्वर महतो, कमलेश महतो, द्वारिका महतो, लालकेश्वर महतो, अनिल कुमार,विमल कुमार, राहुल कुमार, सुरेंद्र महतो, मनोज कुमार, प्रेमचंद महतो, मोतीलाल गंझू, धीरेन्द्र महतो,नारायण कुमार, प्रदीप कुमार, शिवनाथ कुमार,गोपी महतो,सोनू कुमार,टेकलाल कुमार, मुकेश कुमार, जलज कुमार, संजीव कुमार, सुनिल उरांव आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चैती छठ का अनुष्ठान करने वाले व्रतियों ने गुरुवार की शाम दामोदर नदी, बिजुलिया तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। भगवान सूर्य को अरग अर्पित कर व्रतियों ने समाज और परिवार के कल्याण की कामना की। आस्था के इस महापर्व में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी। शहर के दामोदर नदी घाट के अलावा बिजुलिया तालाब, जारा बस्ती तालाब, रजरप्पा में भैरवी नदी तट, भुरकुंडा में दामोदर नदी तट पर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया।

**सिर पर दऊरा लेकर घाट तक पहुंचे व्रती:** चार दिवसीय महापर्व छठ का अनुष्ठान व्रतियों ने आस्था के साथ किया। गुरुवार की शाम सज धज कर व्रती और परिजन सिर पर दऊरा लेकर निकले। छठ की मधुर गीतों से पूरा रास्ता भक्ति में हो गया। रास्ते में छठ व्रतियों के लिए लोगों ने सड़के साफ कर रखी थी। पानी का बौछार भी किया जा रहा था, ताकि व्रतियों को परेशानी ना हो। व्रतियों ने नहाये खाये से महापर्व की शुरुआत की। बुधवार की रात खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों ने 48 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। गुरुवार की शाम डूबते हुए सूर्य की उपासना हुई। शुक्रवार की सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन होगा।

### कुजू में भी सूर्य को दी गयी पहली अर्घ्य



कुजू (आजाद सिपाही)। कोयलांचल कुजू क्षेत्र में चैती छठ महाव्रत धारण करने वाली व्रती सूर्य षष्ठी पर गुरुवार की शाम स्थानीय जलाशयों में डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित की। वहीं, शुक्रवार को सूर्य सप्तमी पर व्रती उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करेंगी। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा।

## सिस्टा 14 अप्रैल को मनायेगा अंबेडकर जयंती



कुजू (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया एससी/ एसटी एम्पलाज एसोसिएशन (सिस्टा) की क्षेत्रीय कमिटी की बैठक पुंडी परियोजना के कैंटीन में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष रामप्रसाद बेदिया और संचालन क्षेत्रीय सचिव ब्रह्मदेव राम ने की। बैठक के दौरान आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, पुंडी परियोजना के कैंटीन में सिस्टा द्वारा 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एलारूस उरांव, रंजीत नोनिया, जागो गंझु, मानको देवी, मंगरा गंजू, रतनी देवी, पंचू महतो, राजेश चंद्र, सुदामा प्रजापति, धर्म महतो, धनेश्वर प्रजापति, मंसूर मियां, प्रकाश कुमार, जयदेव मुखर्जी, टिकेंद्र कुमार महतो शामिल रहे।

## कौलेश्वरी मंदिर परिसर के आसपास शराब पर पूर्ण प्रतिबंध : एसडीपीओ



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ख्याति प्राप्त तीन धर्मों का संगम स्थल कौलेश्वरी स्थित मां कौलेश्वरी मंदिर परिसर और पहाड़ के नीचे रामनवमी त्योहार के मौके पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन और हंटरगंज थाना पुलिस सब इंस्पेक्टर नीतेश प्रसाद, पुरुषोतम अग्निहोत्री अपने दल बल के साथ मंदिर परिसर के नीचे पहुंचे। जहां उन्होंने कई दूकानों का औचक निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की शराब पीने और बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### सांसद ने संसद में उठाया विस्थापन और रोजगार का मुद्दा

# जमीन का नहीं मिल रहा है उचित मुआवजा और रोजगार : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र की कई समस्याओं को सदन के पटल पर रखा। जिसमें उन्होंने विस्थापन और रोजगार पर प्रमुखता से और विस्तार पूर्वक रखा। सांसद ने कहा कि हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा में सीसीएल और एनटीपीसी द्वारा कोयला के खदानों के लिए विस्थापन किया जा रहा है। जिसमें हजारीबाग जिला के केरेडारी, बड़कागांव, डाडी, चुरचू जबकि रामगढ़ जिला के मांडू और रजरप्पा शामिल हैं। सांसद ने विशेषकर एनटीपीसी के कोल माइनिंग परियोजना की बात करते हुए कहा कि विस्थापितों को न तो



जमीन का उचित मुआवजा मिलता और ना ही मकान का उचित मुआवजा मिलता है। उन्होंने सदन के माध्यम से विस्थापितों को बढ़ा कर उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह परियोजना में 15 मिलियन टन कोयला का उत्पादन है, जिसे अब पूरी तरह से मैकेनाइज्ड वे में काम किया जा रहा है, जिसके तहत कोल ट्रांसपोर्टिंग को बंद कर कन्वेयर बेल्ट से कोल डिस्पैच कर रही है और रेपिड लोडिंग सिस्टम लगाकर लोडिंग किया जा रहा है यानि स्थानीय लोग अब इस परियोजना में ना तो कोई काम कर पायेंगे नाही उन्हें रोजगार मिल पायेगा। कोल ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से और विभिन्न माध्यमों से हजारो स्थानीय लोगो को रोजगार मिला था, जिसे अब बंद किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी बहुत जरूरी है लेकिन रोजगार भी जरूरी है। दोनों में संतुलन बनाकर एनटीपीसी को कार्य करना चाहिए। ताकि हजारो लोगो का रोजगार बच सके। सांसद ने यह भी कहा कि मंत्रालय स्थानीय लोगों के हित को ध्यान में रखकर काम करें।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में एनटीपीसी के द्वारा 24 लाख रुपया प्रति एकड़ मुआवजा दिया जा रहा है। जिसे 40 लाख रुपया किया जाय। पक्के निर्माण के लिए 950 रुपया /स्कवायर फीट भुगतान किया जा रहा है। जिसे बढ़ाकर कम से कम 2000/स्क्वॉयर फीट किया जाय। कच्चे निर्माण के लिए वर्तमान में 650 रुपया मिलता है जिसे बढ़ाकर कम से कम 1500/स्क्वॉयर फीट किया जाये। उक्त जानकारी रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने दिया।

## कलश स्थापना के साथ श्रीश्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



गोला (आजाद सिपाही)। गोला के कुम्हरदग्गा गांव में श्री श्री 108हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु माथे में कलश लेकर पैदल मंदिर परिसर से भैरवी नदी पहुंचे। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु जय श्री राम, हर हर महादेव, सत्य की जीत हो असत्य का नाश हो, जय भोले शंकर, प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो आदि के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। भैरवी नदी के पवित्र जल से स्नान के पश्चात पुरोहित द्वारा विधि विधान से मन्त्रोंचार कराया गया। इसके बाद पवित्र जल लेकर श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। तत्पश्चात कलाश की स्थापना की गयी। कलश यात्रा में जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी, समाजसेवी पियूष चौधरी, राजीव जायसवाल भी पहुंचे। पांच दिनों तक भागी भक्ति की ब्यार बताया गया कि पांच दिनी महायज्ञ में 3 अप्रैल को कलश स्थापना, 4 अप्रैल को पूजा संध्या और रात्रि प्रवचन महेंद्र शास्त्री, 5 अप्रैल को पूजा संध्या आरती और रात्रि प्रवचन महेंद्र शास्त्री, लक्ष्मीबाला, 6 अप्रैल को पूजा संध्या आरती और रात्रि प्रवचन लक्ष्मीबाला और अंतिम तीन 7अप्रैल को पूजा संध्या आरती, पूणार्हुति और रात्रि जागरण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर जगत महतो, अशोक चक्रपानी, देवेंद्र महतो, कृष्णा महतो, रुपेश महथा, सहदेव महतो, राजू महतो, परमेश्वर महतो, दीपक महथा, बिन्देश्वर महतो आदि थे।

## कौलेश्वरी में होनेवाला महोत्सव स्थगित



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के पदेन अध्यक्ष सह सदर एसडीओ जहुर आलम ने किया। इस दौरान बैठक में कौलेश्वरी मेला को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के पदेन अध्यक्ष सह चतरा एसडीओ जहुर आलम ने बताया कि महोत्सव को लेकर सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं मिलने के कारण महोत्सव के आयोजन में अड़चन होने की बताया गया। कौलेश्वरी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा नहीं देने की बात कही गयी। राजकीय महोत्सव का दर्जा नहीं मिलने के कारण लोगों में नाराजगी दिखा। कार्यक्रम आयोजित कराने को लेकर एसडीओ से सरकार की सहमति के लिए सदस्यों ने आग्रह किया। उपस्थित लोगों ने जिरामनी नर्सिंग स्कूल के समीप 4 और 5 अप्रैल को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने की जानकारी दिया गया बैठक में एसडीओ जहूर आलम, एसडीपीओ संदीप सुमन, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, सीओ अरुण कुमार मुंडा, वीडियो निखिल गौरव कमान कछ्यप, वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वेद प्रकाश, एस आई नीतीश कुमार, पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, अरुण कुमार चौरसिया, कमलेश कुमार यादव, मुखिया अशोक कुमार यादव, नरेश प्रसाद यादव, मदन चौधरी, कौशलेंद्र सिंह, अरमेंद्र कुमार केशरी, जयहिंद पासवान, पूर्व चेयरमैन अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद सिंह, बिट्टू सिंह, राजकुमार सिंह, बिरेंद्र तिवारी, अशरफी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग ने की तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

# अवैध कोयला लदा एक ट्रेलर जब्त, तस्कर फरार

**छापामारी के बाद चार वाहन और दो जेसीबी भगा ले गये तस्कर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** डीएफओ नितेश कुमार के निर्देश पर वन विभाग ने तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। विभाग के क्यूआरटी टीम ने छापामारी कर अवैध कोयला लदा ट्रेलर जब्त किया है। जबकि वाहन का चालक और तस्कर अन्य चार वाहन के साथ दो जेसीबी लेकर भागने में सफल रहा। टीम में शामिल अधिकारियों ने जब्त ट्रेलर को लेकर वन विभाग कार्यालय रांची रोड लेकर आयी है। साथ ही



मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ डीएफओ नीतीश कुमार को बुधवार की देर रात गुप्त सूचना मिली कि कोयला तस्कर मांडू वन क्षेत्र के रंगमटिया में ट्रेलर संख्या जेएच02ए एक्स/ 4263 पर अवैध कोयला लोड कर कुजू के स्पंज प्लांट ले जा रहे है। सूचना पर डीएफओ ने अपनी क्यूआरटी टीम को उक्त स्थल पर छापामारी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद टीम ने उक्त स्थल पर छापामारी कर अवैध कोयला लदे ट्रेलर को जब्त कर लिया। साथ ही जब्त ट्रेलर को रांची रोड वन विभाग कार्यालय में रखा गया है।

### दो जेसीबी भगाने में सफल रहा कोयला तस्कर

इधर सूत्र बताते है कि जैसे ही छापामारी टीम रंगमटिया पहुंची कि उक्त स्थल खलबली मच गयी। टीम को देखकर तस्कर इधर उधर भागने लगे। तस्कर ट्रेलर को भगाने में सफल तो नहीं हो पाये। लेकिन अन्य चार वाहन और दो जेसीबी को भगाने में सफल रहे। इधर छापामारी के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। तस्कर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उक्त स्थल से पिछले माह से कोयला तस्करी हो रही थी। लेकिन कुछ दिनों से डीएफओ को लगातार कोयला तस्करी की सूचना मिल रही थी। जिसके कारण यह कार्रवाई हुई।

## जिला स्तरीय सरहुल मिलन समारोह आज

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी में गुरुवार को राजी पड़हा प्रार्थना सभा रामगढ़ जिला के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश मुंडा और संचालन आरती मुंडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कल यानी 4 अप्रैल को रामगढ़ स्थित पतरातू सरना स्थल में सरना मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में पड़हा के पहान उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में जिला अध्यक्ष राजेश मुंडा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष काफी धूमधाम के साथ सरना पूजा मनाया जाता है। इसी के तहत इस वर्ष भी भव्य जुलूस के साथ सरना स्थल पर सरना मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर शुक्र मणि मुंडा, अनु मुंडा, आरती मुंडा, नरेश मुंडा, मुकेश मुंडा आदि उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना
विद्युत/क०वि० विमाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा सं.-GeM Bid No. GEM/ 2025/ B/ 6103280, क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Manning of 12 Nos. Traction Sub- Stations ( at PKA, HZD, PRP, RJBE, GMIA, BRKA, RAY, RCGT, BRWD, TRZ, OBRA, SGRL/TSS) IN Dhanbad Division for a period of (04) four years. कार्य समापन की अवधि - (48) माह (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 9,14,01,920.64 निविदा प्रपत्र का मूल्य - शून्य/- (3) बीड सिक्यूरिटि- रू० 6,07,100/- (4) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तिथि 23.04.2025 को 11.00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 23.04.2025 को 11.30 बजे। (5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0019/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/36

# वक्फ संशोधन बिल के मायने

वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की उम्मीद तो किसी को नहीं, लेकिन गतिरोध को कम से कम करने का प्रयास जरूर होना चाहिए। इस बिल का असर एक बड़ी आबादी पर पड़ेगा। अगर उसकी चिंताओं को दूर नहीं किया गया, तो बिल का मकसद अधूरा रह जायेगा।

**विपक्ष की बात :** सरकार ने पिछले साल अगस्त में वक्फ संशोधन से जुड़ा नया बिल लोकसभा में पेश किया था, तब विपक्ष के विरोध के चलते इसे संयुक्त संसदीय कमेटी के पास भेज दिया गया। इस साल फरवरी में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी, फिर केंद्रीय कैबिनेट ने उसे मंजूरी दी। सरकार का कहना है कि उसने विपक्ष की बात भी सुनी है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि उसके सुझाये बदलावों को स्वीकार नहीं किया गया।

**बेहतर होगा प्रबंधन :** वक्फ को लेकर विवाद कोई नया नहीं है और इसके कामकाज में सुधार होना चाहिए। वहीं, यह बड़ी संपत्ति का मालिक भी है। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देशभर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं। भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। संशोधन बिल से इनके मैनेजमेंट में आसानी होगी।

**सरकार ने पिछले साल अगस्त में वक्फ संशोधन से जुड़ा नया बिल लोकसभा में पेश किया था, तब विपक्ष के विरोध के चलते इसे संयुक्त संसदीय कमेटी के पास भेज दिया गया। इस साल फरवरी में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी, फिर केंद्रीय कैबिनेट ने उसे मंजूरी दी।**

**महिलाओं को अधिकार:** सेंट्रल वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिम सदस्यों के होने के प्रावधान पर आपत्ति हो सकती है, लेकिन महिला सदस्यों को लेकर हंगामा समझ से परे है। इससे मुस्लिम महिलाओं को अपनी बात रखने और अधिकार हासिल करने का मौका मिलेगा। इसी तरह, बोहरा और आगाखानी के लिए अलग बोर्ड बनने से इनके साथ अभी तक हुए भेदभाव को दूर किया जा सकेगा।

**भरोसे की कमी :** विपक्ष के साथ ही एक वर्ग को डर है कि यह बिल कानून बन गया तो इसके जरिये सरकार धार्मिक मामलों में दखल देगी। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी भी धार्मिक संस्था की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करेगा। इस तरह की बात सरकार की तरफ से पहले भी कही जा चुकी है। इसके बावजूद अगर गतिरोध कायम है, तो इसकी वजह है संवाद और भरोसे की कमी।

**सुधार का स्वागत :** वक्फ बिल असल में धर्म से ज्यादा प्रॉपर्टी से जुड़ा मसला है। यह भी सच है कि वक्फ संपत्तियों की बदइंतजामी से जुड़ी खबरें आती रही हैं। ऐसे में सुधार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन सुधार संवाद और सहमति के जरिए हो, टकराव का माहौल न बने, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।


अभिमत
आजाद सिपाही

सच्चर समिति की 2006 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि वक़्फ अपनी संपत्तियों से सालाना 12,000 करोड़ रुपये की आय का सृजन कर सकता है। हालांकि, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा किए गए हालिया सर्वेक्षणों से अब पता चलता है कि वक़्फ संपत्तियों की वास्तविक संख्या 8.72 लाख से अधिक है। आज, मुद्रास्फीति और संशोधित अनुमानों को ध्यान में रखते हुए, संभावित आय सालाना 20,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। फिर भी, वास्तविक राजस्व 200 करोड़ रुपये ही है - जो पेशेवर और पारदर्शी प्रबंधन के साथ प्राप्त की जा सकने वाली आय का एक अंश है।

# वक़्फ संशोधन: मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए पारदर्शी और जवाबदेह प्रबंधन



**हाजी सैयद सलमान**




भारत के धार्मिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के सामाजिक और बेहद विविध ताने-बाने में, वक़्फ एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्था है, लेकिन यह अब तक पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पायी है। इस्लामी आध्यात्मिक परंपरा में गहराई से समाई हुई यह वैधानिक इकाई भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बदलने की क्षमता रखती है। हालांकि, अपनी समृद्ध विरासत और विशाल भूमि संपत्तियों के बावजूद, वक़्फ अक्षमताओं, कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी की वजह से पिछड़ गया है।

यह वास्तव में विरोधाभासी है कि भारत में तीसरी सबसे बड़ी भूमि स्वामित्व वाली इकाई के रूप में वक़्फ एक ऐसे समुदाय की देखरेख करता है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के मुद्दों से जूझ रहा है। सदियों पहले स्थापित वक़्फ का मूल उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के लिए स्कूल, अस्पताल, पुस्तकालय और अन्य परोपकारी संस्थानों की स्थापना और देखरेख करना था। यह चिंता का विषय है कि इतना विशाल संसाधन आधार होने के बावजूद इन्हें समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी रूप से उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।

**वक़्फ बोर्ड के विश्वसनीय प्रशासन को राजस्व सृजन के महत्वपूर्ण मुद्दे को भी संबोधित करना चाहिए।**

प्रस्तावित उम्मीद वक़्फ विधेयक संशोधन का उद्देश्य वक़्फ को परेशान करने वाले कुछ पुराने मुद्दों को संबोधित करना है। ये सुधार अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि मुस्लिम समुदाय में व्यापक रूप से यह सहमति बन चुकी है कि वक़्फ संपत्तियों का दुरुपयोग हुआ है। कई मुतवल्ली (संरक्षक), जो जिम्मेदारी निभाने योग्य नहीं हैं, इन संपत्तियों के कुप्रबंधन के जिम्मेदार रहे हैं। वक़्फ बोर्ड की अक्षमताओं के कारण इन संपत्तियों का सर्वोत्तम उपयोग नहीं हो पाया है।

वक़्फ की वर्तमान स्थिति भारत में मुस्लिम समुदाय के सामने आने वाली व्यापक चुनौतियों का प्रतिबिंब है। वक़्फ संपत्तियों के प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी ने अक्षमताओं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

मौजूदा वक़्फ व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या वक़्फ के स्वामित्व वाली संपत्तियों के लिए अप्रचलित किराया नीति है। इनमें से कई संपत्तियां दशकों पहले तय की गयी दरों पर किराये पर दी गयी हैं, अक्सर 1950 के दशक तक। न केवल ये किराये आज के बाजार दर से बेहद कम हैं, बल्कि यह मामूली किराया भी नियमित रूप से नहीं वसूला जाता है। यह स्थिति वक़्फ संपत्तियों की अवैध बिक्री और बरबादी के आरोपों से और भी जटिल हो गयी है, जिसने संभावित राजस्व को काफी हद तक नष्ट कर दिया है और जिसका उपयोग सामुदायिक कल्याण के लिए किया जा सकता था। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण जयपुर शहर का सबसे केंद्रीय और प्रसिद्ध शॉपिंग स्ट्रीट है, जिसे एमआइ रोड के रूप में जाना जाता है और जो सांगानेरी गेट से गवर्नमेंट हॉस्टल तक जाता है। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि एमआइ का मतलब मिर्जा इस्माइल रोड है। जयपुर में एमआइ रोड पर स्थित कुछ संपत्तियां सामुदायिक और धार्मिक कार्यों के लिए वक़्फ बोर्ड को दान कर दी गयी हैं। बोर्ड इन संपत्तियों को किराए पर दे सकता है, लेकिन किसी को बेच नहीं सकता।

एमआइ रोड पर 100 वर्ग फीट से लेकर 400 वर्ग फीट तक की कई ऐसी व्यावसायिक संपत्तियां हैं, जिनका किराया 300 रुपये प्रति माह है, किराया नीति अद्यतन होने पर इनका किराया करीब 25,000 रुपये प्रति माह हो जायेगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के हर राज्य में ऐसी हजारों संपत्तियां हैं, जिनका उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है।

सच्चर समिति की 2006 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि वक़्फ अपनी संपत्तियों से सालाना 12,000 करोड़ रुपये की आय का सृजन कर सकता है। हालांकि, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा किये गये हालिया सर्वेक्षणों से अब पता चलता है कि वक़्फ संपत्तियों की वास्तविक संख्या 8.72 लाख से अधिक है। आज, मुद्रास्फीति और संशोधित अनुमानों को ध्यान में रखते हुए, संभावित आय सालाना 20,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। फिर भी, वास्तविक राजस्व 200 करोड़ रुपये ही है - जो पेशेवर और पारदर्शी प्रबंधन के साथ प्राप्त की जा सकने वाली आय का एक अंश है।

सामुदायिक कल्याण में राजस्व सृजन और निवेश की संभावना बहुत अधिक है। यदि कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया जाये, तो वक़्फ संपत्तियां विश्व स्तरीय संस्थानों - स्कूल, विश्वविद्यालय, अस्पताल, और बहुत कुछ - की स्थापना के लिए धन दे सकती हैं, जो न केवल भारतीय मुस्लिम समुदाय, बल्कि बड़े पैमाने पर समाज की सेवा कर सकती हैं। यहीं पर हमें, भारतीय मुसलमानों के रूप में, कल्याण की अपनी समझ को व्यापक बनाना चाहिए। कल्याण का मतलब मुफ्त, खस्ताहाल संस्थान नहीं है, जो खुद को बनाये रखने के लिए संघर्ष करते हैं। इसके बजाय, हमें ऐसे संस्थानों के निर्माण की आकांक्षा करनी चाहिए, जो आत्म-निर्भर हों, समावेशी हों तथा ऐसे उच्च मानकों वाले हों कि वे सभी के लिए आकांक्षापूर्ण बन जायें।

संयुक्त संसदीय समिति के सकारात्मक सुझावों के बाद उम्मीद वक़्फ विधेयक संशोधनों में वक़्फ विकास के उचित स्थान और दायरे के प्रति दूरदर्शी प्रतिबद्धता होनी चाहिए, जिससे मुस्लिम समुदाय का समग्र उत्थान हो सके। वक़्फ बोर्डों और केंद्रीय वक़्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) के शासन और प्रशासन में सुधार करके यह विधेयक एक अधिक जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था कायम करना चाहता है, जिससे समुदाय की बेहतर सेवा हो सके।

लेकिन सुधार शासन तक ही तक ही नहीं रुकने चाहिए। वक़्फ बोर्ड के विश्वसनीय प्रशासन को राजस्व सृजन के महत्वपूर्ण मुद्दे को भी संबोधित करना चाहिए। वक़्फ संपत्तियों के किराया-ढांचे को संशोधित करके वर्तमान बाजार दरों के अनुरूप लाया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करना वक़्फ की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, इन संपत्तियों से उत्पन्न लाभ को वक़्फ संस्था के मूल उद्देश्य के अनुरूप मुस्लिम समुदाय की कल्याणकारी परियोजनाओं में फिर से निवेश किया जाना चाहिए।

अंत में, भारतीय मुसलमानों के रूप में, हमें यह पहचानना चाहिए कि वक़्फ एक बहुत ही महत्वपूर्ण संस्था है, जिसे विफल नहीं होने दिया जा सकता। यह न केवल सामाजिक-आर्थिक विकास के मामले में, बल्कि समावेशिता और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देने के मामले में भी हमारे समुदाय की क्षमता को सामने लाने की कुंजी है। सुधार को अपनाकर और जवाबदेही की मांग करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक़्फ मुस्लिम समुदाय को लाभ पहुंचाने और व्यापक समाज में योगदान देने के अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा करे।

सुधार का समय अब आ गया है, और यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि वक़्फ मुस्लिम समुदाय और हमारे देश में अच्छे कामों के लिए एक ताकत के रूप में अपनी क्षमता को मूर्त रूप दे। आइए हम सामुदायिक विकास पर फिर से ध्यान केंद्रित करें और उसमें शामिल हों तथा एक ऐसे भविष्य को बनाने की दिशा में काम करें, जहां वक़्फ संस्थाएं सभी के लिए आशा, अवसर और समृद्धि की चमकती किरणें बन जायें।

**(लेखक : चिश्ती द्वारा गद्दी नशीन-दरगाह अजमेर शरीफ अध्यक्ष-चिश्ती फाउंडेशन हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### गम्हरिया सीओ ने सुलझाया आदिवासी कला भवन की चारदीवारी का मामला

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** गम्हरिया अंचल अधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने आदित्यपुर इमली चौक स्थित नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 20 में आदिवासी कला भवन की चारदीवारी को लेकर चल रही विवाद को सूझबूझ से सुलझा लिया। गुरुवार को अंचल अधिकारी ने आदिवासी कल्याण समिति को आवंटित 65 डेसिमल भूमि की मापी करवायी। मापी के उपरांत चारदीवारी के सीमांकन को वर्तमान स्थिति से एक फीट पीछे हटाने का निर्देश दिया, जिसे सभी पक्षों ने स्वीकार कर लिया। उसके बाद समिति के चारदीवारी निर्माण से उत्पन्न हुई विवाद खत्म हो गया। गम्हरिया अंचल अधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने बताया बीते दिनों आदिवासी कल्याण समिति को आदिवासी कला एवं संस्कृति भवन के लिए 65 डेसिमल जमीन आवंटित की गयी थी। समिति के सदस्य आवंटित सीमा से बाहर जाकर चारदीवारी का निर्माण कर रहे थे। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया।

### पोटका विधायक ने प्रखंड मुख्यालय का किया औचक निरीक्षण

# अधिकारी और कर्मचारी दफ्तरों से रहे नदारद

**डीसी को दिया कार्रवाई का निर्देश**

**जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलना गंभीर मामला : संजीव सरदार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पोटका विधान सभा क्षेत्र की जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं दिलाने व सरकारी महकमों की कार्यशैली पर नजर रखने के उद्देश्य से पोटका विधायक संजीव सरदार ने प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान दोपहर 1 बजे तक प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार मुंडा, पेयजल विभाग के कनीय अभियंता समेत कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने दफ्तरों से नदारद मिले। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की कार्य के प्रति लापरवाही देख विधायक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। विधायक ने डीसी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये।



**प्रखंड कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा, जनता हो रही परेशान**

विधायक संजीव सरदार के द्वारा निरीक्षण के दौरान भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने के बावजूद कार्यालय में सिर्फ एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मौजूद थे। जबकि पेयजल विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी के गैर हाजिर रहे। वहीं विधायक प्रखंड कार्यालय पहुचने पर हालात और भी गंभीर दिखने को मिला। बीडीओ अरुण कुमार मुंडा दोपहर 1 बजे तक अपने दफ्तर तक नहीं पहुंचे। जनता की परेशानी को देख विधायक ने जिले के डीसी अनन्य मित्तल से फोन पर वार्ता की और अनुपस्थित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दी। विधायक श्री सरदार ने स्पष्ट कहा जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलना एक गंभीर मामला है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**लापरवाह कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

विधायक ने कहा जो भी कर्मचारी ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतते हैं वे अब कार्रवाई के लिए तैयार रहें। विधायक ने आश्वासन दिया लापरवाह अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही प्रखंड में चल रही सभी सरकारी योजनाओं की प्रगति की जल्द समीक्षा की जायेगी।

**जनता ने विधायक के कदम का किया स्वागत**

उधर ग्रामीणों की परेशानी देख पोटका विधायक की पहल पर क्षेत्र की जनता ने जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने कहा विधायक द्वारा निरीक्षण से सरकारी दफ्तरों की हकीकत सामने आयी है। उम्मीद है लापरवाह अधिकारी पर उचित कार्रवाई होने से अब सरकारी तंत्र में सुधार आएगी। आम जनता को भी राहत मिलेगी।

**अंचल अधिकारी निरीक्षण में हुए पास**

विधायक जब अंचल कार्यालय पहुंचे तो वहां अंचल अधिकारी निकिता बाला समेत अन्य कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते मिले। विधायक ने अंचलाधिकारी से विभिन्न कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विधायक ने कहा जो अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से ले रहे हैं, वे प्रशंसा के पात्र हैं।

**औचक निरीक्षण जारी रहेगा**

विधायक ने ऐलान किया औचक निरीक्षण सिर्फ एक शुरूआत है। आगे भी इसी तरह के निरीक्षण जारी रहेगा। ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। श्री सरदार ने साफ शब्दों में कहा जनता की गाढ़ी कमाई से वेतन पाने वाले अधिकारी अब लापरवाही नहीं कर सकते।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सत्रारंभ पूजन और हवन संपन्न



**बागबेड़ा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बागबेड़ा में नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ पूजन एवं हवन के साथ विधिपूर्वक संपन्न हुआ। गुरुवार को विद्यालय परिसर में यजमान के रूप में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार धर्मपत्नी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार कर पावन अनुष्ठान संपन्न किया। पूजन के दौरान हनुमान चालीसा पाठ किया गया। जिससे वातावरण पूरा भक्तिमय हो गया। वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ हवन का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के समस्त आचार्यगण, दीदी,भैया-बहनों एवं अभिभावकों ने आहुति अर्पित कर विद्यालय की उन्नति एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव डॉ. कविता परमार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, सहित अभिभावकगण, आचार्यगण एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सभी ने विद्यालय परिवार के उत्थान एवं नये सत्र में छात्रों की प्रगति के लिए मंगल कामनाएं व्यक्त कीं। पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने नये शैक्षणिक वर्ष में निष्ठा, अनुशासन एवं ज्ञानार्जन के संकल्प को दोहराया।

### हनुमान मंदिर के पास बैरिकेटिंग हटाने को लेकर हंगामा, एनएचएआइ ने बनायी क्रॉसिंग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एनएच-33 पर आसनबनी से डांगा तक बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर के तहत राम लक्ष्मण हनुमान मंदिर के पास बैरिकेटिंग हटाने को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बिना किसी क्रॉसिंग के डेढ़ किलोमीटर लंबी बैरिकेटिंग से लोग आक्रोशित थे। कारण रामनवमी उत्सव की तैयारियों में बाधा आ रही थी और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था। स्थानीय लोगों ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी दी। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर निर्माण कार्य रुकवा दिया।विकास सिंह के दबाव के बाद एनएचएआई ने बैरिकेटिंग हटाकर क्रॉसिंग बनाने का कार्य शुरू किया। इस समाधान के लिए मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों ने विकास सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।मौके पर दयाकांत तिवारी, शेखर सिंह, मदन वर्मा, नितिन वर्मा, अश्वनी सिंह, मनोज प्रसाद, संदीप शर्मा, विजय वर्मा, दीपक प्रसाद एवं मंदिर कमेटी के सदस्यगण शामिल रहे।

### केंद्र सरकार का वक्फ विधेयक पारित, झामुमो के विरोध पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने साधा निशाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 पारित होने के बाद झारखंड में सियासी हलचल तेज हो गयी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा विधेयक के विरोध पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा इस विधेयक से आदिवासी क्षेत्रों की जमीन, संस्कृति और पहचान सुरक्षित रहेगी। लेकिन झामुमो ने इसका विरोध कर अपना आदिवासी विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। श्री दास ने बताया यह विधेयक संविधान की अनुसूची 5 और 6 के तहत आदिवासी क्षेत्रों में वक्फ संपत्ति घोषित करने पर रोक लगायेगा। जिससे जबरन धर्मांतरण और भूमि अतिक्रमण पर रोक लगेगी। उन्होंने झामुमो पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए आदिवासी समाज से झामुमो-कांग्रेस सांसदों के सामाजिक बहिष्कार की अपील की। रघुवर दास ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार आदिवासी हितों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने झारखंड के आदिवासियों से झामुमो-कांग्रेस से जवाब मांग ने और उनके असली चेहरे को पहचानने का आह्वान किया।

### चैती छठ पर सिदगोड़ा सूर्यधाम में उमड़े श्रद्धालु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन सिदगोड़ा सूर्यधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गुरुवार संध्या को हजारों छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने भी छठ घाट पर पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस पावन अवसर पर सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शीतल शर्बत सेवा शिविर लगाया और छठ घाटों की विशेष साफ-सफाई व सजावट की। स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। शुक्रवार प्रातः उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ महापर्व का समापन होगा। समिति की ओर से गाय का कच्चा दूध, अगरबत्ती, चाय और पेयजल सेवा भी उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर चंद्रगुप्त सिंह, भूपेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, सुशांत पांडा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, बंटी अग्रवाल सहित अन्य सदस्यगण शामिल रहे।



### इचागढ़ में पांच हजार सीएफटी बालू भंडारण और चार हाइवा जब्त

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ खनन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है।डीसी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति एवं चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में ईचागढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पांच हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण और चार हाईवा को जब्त किया गया। बताया जारहा है ईचागढ़ बालू माफियाओं का गढ़ बन चुका है। जहां अवैध खनन से करोड़ों की हानि का अनुमान लगाया जा रहा है।

## सगमा : डूबते सूर्य को दिया गया अर्घ्य



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है, इस महापर्व के अंतिम चरण में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। व्रत धारियों ने छठ गीत को गाते हुए ढोल नगाड़ा बजाते हुए पूर्व से निर्धारित छठ स्थल तक जाकर थाला के समीप पूजा सामग्री ठेकुआ, मौसमी फल, नारियल तथा ईख पौधा से सजाया गया है, जिसमें मुख्यरूप से प्रखंड क्षेत्र के बीरबल सूर्यमंदिर बैलीया, सोनडीहा, पुतूर, सगमा सारदा, घघरी, दुसाइया, झुनाका, मकरी और चैनपुर गांव में परंपरागत तरीके से चौबीस घंटे के उपवास के साथ छठ व्रत धारियों ने पूजा-पाठ के बाद डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख शांति की कामना के साथ रात्रि जागरण कर सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ इस महापर्व का समापन किया जायेगा।

# व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



उपायुक्त शेखर जमुआर के साथ अर्घ्य देते छठ व्रत्ती।



छठ घाट पर रात्रि जागरण की तैयारी करते दूर-दूर से आये छठ व्रती।

आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दौरान प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ व टेंपल इन वॉटर कांडी में सैकड़ों की संख्या में निराहार व्रतियों ने छठ महाव्रत का सामूहिक महाअनुष्ठान किया। इस दौरान गुरुवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य को सभी व्रतियों के साथ जिला के प्रशासनिक प्रमुख उपायुक्त शेखर जमुआर ने भी भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य से संपूर्ण गढ़वा जिला एवं जिलावासियों के लिए अमन चैन एवं सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही सैकड़ो कठिन व्रत धारी छठ व्रतियों ने बारी-बारी से अर्घ्य प्रदान किया। फल, धूप दीप और सूप लेकर प्रदक्षिणा करते हुए पुरोहित के द्वारा 'एही सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते अनुकंप्यम मां भक्त्या गृहाणार्घ्य दिवाकर' मंत्र के उच्चारण के साथ सबों ने तमाम जीवों के उद्गम साक्षात देव शक्ति भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। इस मौके पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह भी मौके पर मौजूद थे। उन्होंने जिला के उपायुक्त को छठ घाट के साथ-साथ मेला मैदान, नौ विभिन्न मंदिरों आदि को दिखाकर इस स्थल के विकास को लेकर चर्चा की। उपायुक्त ने इस दिशा में सकारात्मक पहल किये जाने की बात कही। मालूम हो कि विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल को अपग्रेड करने के साथ-साथ इसके सर्वांगीण विकास का मामला उठाया था। इस मौके पर नवल किशोर तिवारी, समिति के कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, विधायक प्रतिनिधि आतिश कुमार सिंह, विकास उपाध्याय, रघुनंदन राम, जय किशुन राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में विदाई समारोह का आयोजन

# शिक्षक बन समाज को दिशा प्रदान करें: प्राचार्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने 2022-24 के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन का यह अंतिम पड़ाव नहीं है, यह तो जीवन का प्रारंभ है, आप शिक्षक बनने के मार्ग पर अग्रसर है, शिक्षक समाज को दिशा प्रदान करता है तथा आप भी समाज को नयी राह पर चलने की प्रेरणा देंगे और साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने अपना-अपना अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में सत्र 2023-25 और 2024-26 के प्रशिक्षुओं द्वारा 2022-24 के प्रशिक्षुओं को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में रंगा रंग कार्यक्रम लोकगीत, संगीत, नृत्य इत्यादि के द्वारा 2022-24 के प्रशिक्षुओं को विदाई दी गयी। महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी शशिकांत सिंह यादव, आनंद कुमार चौबे, सतीश कुमार बिंद, रेखा कुमारी आदि उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन 2023-25 की प्रशिक्षु अंजलिकुमारी और पवन कुमार के द्वारा किया गया।

## शेखर बोस के जन्मदिन पर प्रदर्शनी मैच का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गुरुवार को संध्या 5:00 बजे झारखंड वॉलीबॉल दिवस के शुभ अवसर पर गढ़वा जिला वालीबाल संघ ने वॉलीबॉल के भीष्म पितामह शेखर बोस का बड़े ही उल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने शेखर बोस की उपलब्धि और उनकी जीवनी पर खिलाड़ियों के बीच विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी मैच गढ़वा टीम और डे बोर्डिंग केंद्र की टीम के बीच में खेला गया। जिसमें डे बोर्डिंग की टीम ने बड़े रोमांचक मुकाबले में 2-1 से गढ़वा की टीम को पराजित किया। इस अवसर पर गढ़वा जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, सचिव ओमप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, संयुक्त सचिव पंकज मिश्रा, ओम प्रकाश चौबे, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, वरिष्ठ खिलाड़ी विशाल पांडे, प्रशांत तिवारी, राजन पांडे सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## आग लगने से खाद्य सामग्री जल कर राख



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी शंभू साह के घर में आकस्मिक आग लगने से घर के अंदर अपनी मां के भोज कार्यक्रम के लिए रखा हुआ खाद्य सामग्री जल कर खाक हो गया। थाना में दिये आवेदन में शंभू साह ने उल्लेख किया है, कि 2 अप्रैल के रात करीब एक बजे आकस्मिक मेरे घर में आग लग गया, जिससे मेरे घर में मां के भोज के लिए रखे सामग्री डालडा, रिफाइन, चीनी, बेसन, मैदा सहित घर में रखे अन्य सामान सहित करीब ढाई लाख के संपति जल गया। आग को ग्रामीणों के सहायता से किसी तरह बुझाया गया।

## भगवान राम और कृष्ण के जन्मोत्सव में झूमे भक्त



गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री रामलला मंदिर परिसर बुधवार को गुलजार था। श्री रामनवमी महोत्सव 2025 के तहत आयोजित श्री रामचरितमानस पाठ और अमृत उद्बोधन के छठे दिन भगवान राम और भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए श्री रामलला मंदिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने बताया कि इसे लेकर मंदिर और मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया गया था क्योंकि आज राम और कृष्ण दोनों बाल रूप में आने वाले थे। उनके लिए 200 से अधिक खिलौने मंगाये गये थे। भगवान का जन्म होते ही भक्तजनों की खुशियां आसमान छूने लगी। देखते ही देखते पूरा मंदिर परिसर खुशियों से सराबोर हो गया। अबीर गुलाल की वर्षा शुरू हो गयी। अंत में भगवान के लिए खीर प्रसाद का भोग लगाया गया। खीर प्रसाद के वितरण के साथ जन्मोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर वृंदावन से पधारे आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान राम यानि राघवेंद्र सरकार मर्यादा पुरूषोत्तम हैं तो भगवान कृष्ण लीला पुरूषोतम हैं। राम ने किया वो हम कर सकते हैं। क्योंकि उन्होंने कभी नहीं कहा कि मैं भगवान हूं। उन्होंने भू धरा पर वहीं किया जो एक मनुष्य को अपने मर्यादा में रहकर करना चाहिए। इस जन्म महोत्सव में श्री रामल्ला मंदिर समिति के सुदर्शन सिंह, किशोर सिंह, धनंजय ठाकुर, दिलीप कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कमलापुरी, अनिल शर्मा, अनिल प्रसाद, विश्वनाथ सिंह, श्यामा पांडेय, सत्यनारायण दुबे, बैजनाथ त्रिपाठी सहित एक हजार से अधिक भक्तगण उपस्थित थे।

## रामनवमी के अवसर पर झारखंड बनाम उत्तर प्रदेश के बीच चैता दुगोला आज



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के सामाजिक संगठन युवा शक्ति परिषद के तत्वाधान में मनोरंजन प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक की गयी। वहीं युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा शक्ति परिषद के सदस्यों के द्वारा हर वर्ष चैता दोगोला का आयोजन किया जाता है। जो इस वर्ष 4 अप्रैल को रात्रि में अजानिया मोड़ के पास झारखंड बनाम उत्तर प्रदेश के बीच व्यास के द्वारा यह कार्यक्रम कराया जायेगा। झारखंड से अश्रेय अकेला और स्वामीनाथ व्यास के बीच मुकाबला होगा। जिसका मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा के विधायक आनंद प्रताप देव होंगे। मौके पर उपस्थित युवा शक्ति परिषद के सचिव छोटन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद, प्रवक्ता मनीष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश राम, व्यवस्थापक रवि शंकर गुप्ता, नेमचंद साह उपस्थित थे।

## मां शायर देवी धाम महोत्सव : अद्भुत हुआ कृष्ण-अर्जुन संग्राम का मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम का पांचवा वार्षिक महोत्सव के चौथे दिन दूसरी बार आजाद नवयुवक संघ छवआना टोला के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। संगीतमय सचित्र मंचन में दिखाया गया की महर्षि गालव स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने वाले थे उसी समय वायु मार्ग से गुजर रहे गंधर्व चित्रसेन का थूक उनकी अंजली में गिर जाता है। इससे महर्षि गालव बहुत क्रोधित होते हैं। वह खुद उसे शाप न देकर दंड दिलाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के दरबार में पहुंचे। महर्षि की बात सुनकर उनका आदर करते हुए 24 घंटे के अंदर चित्रसेन का वध करने का वचन महर्षि को दे दिया। उधर नारद ने चित्रसेन को कृष्ण द्वारा प्राण लेने की बात बताया गया। कहीं शरण नहीं मिलने पर चित्रसेन ने अपनी प्राण रक्षा के लिए महर्षि नारद की शरण में पहुंच गये। महर्षि ने कुटिलता से कृष्ण की बहन और अर्जुन की पत्नी सुभद्रा के पास प्राण रक्षक की प्रण लेने के बाद अपनी समस्या बताने को कहा। सुभद्रा ने



जैसे ही प्रण लिया, चित्रसेन ने भगवान श्री कृष्णा से अपने प्राण रक्षा करने की गुहार लगा दी। धर्म संकट में सुभद्रा ने चित्र सेन को लेकर अर्जुन के पास पहुंची तो अर्जुन ने उसकी प्राण की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण से संग्राम किया। इस मार्मिक प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। नाट्य प्रस्तुति में डायरेक्ट की भूमिका अभय कुमार एवं वीरेंद्र राम के निर्देशन में भगवान श्री कृष्णा का अभिनय आशुतोष शर्मा ने किया जबकि बलराम का धनंजय शर्मा, गालव ऋषि का विष्णुकांत प्रसाद, भगवान शंकर का बलराम कृष्ण शर्मा, अर्जुन का संदीप कुमार, गंधर्व का रविंद्र प्रसाद वर्मा, भीम का सूर्य प्रकाश उर्फ सड्डू, ब्रह्मा का दामोदर राम, नारद का धीरेंद्र कुमार, सुभद्रा का श्याम कुमार, चित्र का श्रवण राम, मंत्री का रमेश राम नाथन यादव ने भूमिका निभायी।

# आरपी विमला निकेतन फरठिया में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार को आरपी विमला निकेतन फरठिया में ऐनुअल एग्जामिनेशन 2024- 25 के परीक्षा फल वितरण समारोह के साथ ही साथ साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर केके तिवारी प्रिंसिपल बीएचएमएस, विशिष्ट अतिथि डॉ पंकज कुमार डीन बीटेक वनांचल कॉलेज गढ़वा थे। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अलाउद्दीन अंसारी, सरफराज अंसारी, अनिल मेहता, राजू विश्वकर्मा, नसीमुद्दीन हक, कुदुस अंसारी तथा बड़ी संख्या में बच्चों की माताएं और अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट का प्रदर्शन किया, जिसमें नेहाल राजा के रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रथम पुरस्कार, विकास कुमार को कुलर के लिए द्वितीय और आनंद कुमार को सुंदर हीटर बनाने पर तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अलावा रितेश कुमार ने एयर



पॉल्यूशन पर अपना प्रदर्शन किया। रोहित कुमार ने रोबोट, खुशनुमा प्रवीण ने ह्यूमन हार्ट, हिमानी कुमारी ने रेस्पिरेटरी सिस्टम, राधिका कुमारी डे-नाइट सिस्टम, संजार नवाज ने सीजंस, साइस्ता नाज ने वाटर साइकिल, शिवम कुमार ने कंप्यूटर, रिशु कुमार ने सोलर लैंप तथा अन्य कई छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों का रिजल्ट भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें नर्सरी क्लास में प्रथम नवाज हसन द्वितीय वान्या कुमारी और तृतीय आफिया निगार, इसी प्रकार एलकेजी में आरीश रजा अंसारी, मो मुराद अंसारी, प्रिंस कुमार, यूकेजी में बादल केरकटा, आरजू देवनाथ, फैजान राजा, कक्षा वन में शिवम चौधरी, वैष्णवी केसरी, शहनाज नवाज, कक्षा 2 में शाइस्ता नाज, कक्षा 7 में सादिक अंसारी, अजीत कुमार, रोहन कुमार क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय हुए। इन बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ स्कूल टॉपर के रूप में आरिश राजा अंसारी को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर केके तिवारी ने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि फरठिया जैसे पिछड़े क्षेत्र में बच्चों में इतनी प्रतिभा को निखारना कोई छोटी बात नहीं है। निदेशक सुशील केसरी ने बच्चों और स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि विद्यालय निरंतर बच्चों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। डॉक्टर पंकज कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए इन सब को अपनी तरफ से पुरस्कृत अभिभावकों ने बच्चों के विकास पर संतोष जताया।

## लमारी खुर्द में निकाली गयी कलश यात्रा



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के लमारी खुर्द गांव स्थित देवी धाम मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। श्रद्धालुओं ने जय माता दी, जय श्रीराम, हर हर महादेव, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो जैसे गगनभेदी जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने अपने माथे पर कलश धारण कर लमारी खुर्द से घटहुआं कला होते हुए मां सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल तक पदयात्रा की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी प्रमोद बिहारी मिश्र ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में अपनी संस्कृति, सभ्यता और धार्मिक विरासत को संजोकर रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में योगदान देने वाले लमारी खुर्द के ग्रामीणों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में यजमान गोपाल सिंह व कविता देवी, चंद्रिका बैठा, बबलू रजक, विकेश सिंह, रविशंकर, शक्तिमान, धीरेन्द्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामनवमी के अवसर पर भजन गायिका शहनाज अख्तर का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** भजन गायिका शहनाज अख्तर के 4 अप्रैल को यहां गोसाईबाग के मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। गुरुवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

यहां बताते चले के श्रीराम सेना के तत्वाधान में रामनवमी के अवसर पर भजन गायिका शहनाज अख्तर का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित है। आयोजन को लेकर श्रीराम सेना के लोगों के द्वारा स्टेज, लाईट, साउंड की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर को भगवा झंडा एवं बैनर पोस्टर से पाट दिया गया है। साथ ही कई तोरण द्वार लगाये गये हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव करेंगे।



उधर कार्यक्रम को सफल बनाने को लिये श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत माधुर के नेतृत्व में श्रीराम सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिन रात एक किये हुये हैं। व्यापक पैमाने पर पचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर ने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है। निरीक्षण के मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, श्री राम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, रूपेश कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कार्यालयः जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

JIMMS Portal में सूचीबद्ध हजारीबाग जिला से पंजीकृत वाहन के स्वामियों के लिएः–

–ःआवश्यक सूचनाः–

संयुक्त परिवहन आयुक्त झारखण्ड रांची के पत्रांक–परि0वि0–2280/2010/252 दिनांक–21.02.25 के निदेशानुसार एतद द्वारा सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला के जिला परिवहन कार्यालय में पंजीकृत एवं JIMMS Portal में सूचीबद्ध वैसे वाहन जिनका मार्ग कर तथा दुरूस्ती की वैधता कालबाधित हो चुकी है, का परिचालन असुरक्षित रूप से परिचालन परिवहन खनन क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस प्रकार के वाहनों के स्वामियों को सूचना के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि आप अपने वाहनों का मार्ग कर तथा दुरूस्ती 07 दिनों के अंदर अद्यतन कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मार्गकर की वैधता कालबाधित वाहनो की सूचीः–

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH02BN1113 | 10-Jan-24 | 15-Jan-24 | 51 | JH02AD7526 | 27-Oct-23 | 14-Oct-23 | 101 | JH02BL1055 | 31-Oct-24 | 09-Nov-23 |
| 2 | JH02BN3869 | 19-Aug-24 | 15-Jan-24 | 52 | jh02al4899 | 29-Dec-23 | 01-Oct-23 | 102 | JH02BN0764 | 30-Dec-23 | 22-Nov-23 |
| 3 | JH02AD4083 | 28-Mar-24 | 12-Nov-23 | 53 | JH02BK8242 | 16-Oct-24 | 31-Jul-23 | 103 | JH02AV7240 | 03-Jul-24 | 03-Oct-23 |
| 4 | JH02AN9372 | 08-Mar-24 | 27-Nov-23 | 54 | JH02AV9790 | 03-Mar-24 | 30-Sep-23 | 104 | JH02AN1180 | 21-Feb-24 | 25-Sep-23 |
| 5 | JH02AZ2359 | 01-Aug-21 | 29-Oct-23 | 55 | jh02ac6345 | 01-Feb-24 | 09-Apr-22 | 105 | JH02N8365 | 04-Dec-23 | 14-Sep-23 |
| 6 | JH02BK9594 | 24-Nov-24 | 13-Nov-23 | 56 | AP37TF1889 | 01-Nov-24 | 27-Oct-23 | 106 | JH02AP1703 | 27-Feb-25 | 14-Nov-23 |
| 7 | JH02BN9467 | 24-Oct-23 | 22-Nov-23 | 57 | JH02BN9360 | 10-Nov-24 | 01-Dec-23 | 107 | JH02S6425 | 05-Feb-24 | 04-Oct-23 |
| 8 | JH02W6755 | 26-Sep-23 | 13-Dec-23 | 58 | JH02AJ9629 | 28-Dec-23 | 12-Oct-23 | 108 | JH02BK8276 | 06-Dec-23 | 20-Oct-23 |
| 9 | JH02P0168 | 02-Feb-24 | 18-Oct-23 | 59 | JH02AC5652 | 02-Oct-21 | 17-Oct-24 | 109 | JH02S7942 | 20-Mar-24 | 25-Oct-23 |
| 10 | JH02T1967 | 06-Feb-24 | 21-Dec-23 | 60 | JH02K4065 | 03-Mar-24 | 05-Nov-23 | 110 | JH02BL9112 | 31-Oct-24 | 02-Dec-23 |
| 11 | AP37TA5335 | 02-Feb-25 | 06-Jan-24 | 61 | JH04Y4352 | 17-Sep-24 | 09-Nov-23 | 111 | JH02T2526 | 07-Jul-24 | 28-Sep-23 |
| 12 | JH02BM0998 | 31-Dec-23 | 26-Oct-23 | 62 | JH02BK2855 | 08-Jan-25 | 06-Oct-23 | 112 | jh02aj2612 | 31-Oct-23 | 04-Dec-23 |
| 13 | JH02BL7024 | 24-Mar-24 | 02-Dec-23 | 63 | JH02BM6357 | 19-Jan-25 | 09-Feb-25 | 113 | JH02AF9335 | 30-May-24 | 29-Oct-23 |
| 14 | JH02BN9782 | 26-Jun-24 | 27-Nov-23 | 64 | JH02AF2100 | 30-Jul-24 | 12-Nov-23 | 114 | JH02AE6108 | 19-Jan-24 | 27-Aug-23 |
| 15 | JH02BN4611 | 10-Jan-24 | 05-Jan-24 | 65 | JH02AF0539 | 18-Sep-24 | 12-Nov-23 | 115 | JH02AY6015 | 23-May-21 | 29-Oct-23 |
| 16 | JH02AB2715 | 06-Sep-23 | 25-Nov-23 | 66 | JH02AD5170 | 12-Sep-23 | 02-Sep-23 | 116 | JH02BK4008 | 31-Oct-24 | 11-Oct-23 |
| 17 | JH02AH9619 | 29-Sep-24 | 27-Nov-23 | 67 | JH02AZ9918 | 10-Nov-24 | 05-Oct-23 | 117 | JH02AV9737 | 19-Dec-24 | 01-Dec-23 |
| 18 | JH02BN5078 | 01-Feb-25 | 19-Dec-23 | 68 | JH02AV2426 | 12-Mar-23 | 04-Dec-23 | 118 | JH02AE7275 | 10-Feb-22 | 04-Nov-23 |
| 19 | JH02AX7026 | 10-Mar-24 | 26-Dec-23 | 70 | JH02Y3093 | 04-Apr-24 | 19-Sep-23 | 119 | JH02BA7730 | 26-Jan-24 | 16-Oct-22 |
| 20 | JH02BN7004 | 26-Apr-24 | 03-Jan-24 | 71 | JH02BL2770 | 13-Dec-23 | 11-Oct-23 | 120 | JH02BB8760 | 27-Feb-24 | 29-Sep-23 |
| 21 | JH02AA1237 | 07-Jun-24 | 31-Oct-23 | 72 | JH02BN2272 | 13-Feb-25 | 18-Aug-24 | 121 | JH02AN7848 | 20-Jun-24 | 25-Sep-23 |
| 23 | JH02AH0690 | 13-Jul-23 | 23-Nov-23 | 73 | JH02AB2713 | 02-Jul-24 | 25-May-24 | 123 | JH02BL2573 | 13-Dec-23 | 15-Nov-23 |
| 24 | JH02BN8566 | 03-Nov-24 | 01-Dec-23 | 74 | JH02BL0172 | 31-Oct-24 | 09-Nov-23 | 124 | JH02AZ8832 | 26-Aug-23 | 20-Nov-23 |
| 25 | JH02AF9582 | 12-May-23 | 27-Nov-23 | 75 | JH02BA2617 | 14-Feb-24 | 29-Jan-24 | 125 | JH02AZ3408 | 05-Sep-21 | 21-May-21 |
| 26 | JH02AY6129 | 27-Oct-23 | 26-Nov-23 | 76 | JH02W7339 | 18-Aug-24 | 02-Nov-23 | 126 | JH02W8481 | 18-Aug-24 | 07-Oct-23 |
| 27 | JH02AV3649 | 04-Sep-24 | 05-Nov-23 | 77 | JH02U9909 | 21-Sep-23 | 22-Sep-23 | 127 | JH02AE4985 | 15-May-24 | 26-Oct-23 |
| 28 | JH02AW6359 | 27-Oct-24 | 27-Nov-23 | 78 | jh02ah9678 | 12-Apr-24 | 30-Sep-23 | 128 | JH02R5714 | 08-Apr-23 | 03-Sep-23 |
| 29 | JH02BJ1885 | 09-Aug-24 | 05-Nov-23 | 79 | JH02AK0976 | 14-Feb-24 | 11-Oct-23 | 129 | JH02AR9748 | 06-Apr-24 | 07-Nov-23 |
| 30 | JH02BJ7845 | 09-Aug-24 | 05-Nov-23 | 80 | JH02BN5262 | 22-Nov-24 | 28-Nov-23 | 130 | JH02AS0416 | 22-Nov-23 | 04-Sep-23 |
| 31 | JH02AA4591 | 08-Jul-23 | 22-Dec-23 | 81 | JH02AU2467 | 03-Jul-24 | 29-Oct-23 | 131 | JH02bj8901 | 26-Sep-24 | 23-Sep-23 |
| 33 | AP05TF1267 | 03-Jan-24 | 11-Oct-23 | 82 | JH02BM3309 | 02-Aug-24 | 09-Nov-23 | 133 | JH02AW5293 | 18-Oct-24 | 29-Oct-23 |
| 34 | AP39UQ2349 | 03-Jan-24 | 11-Oct-23 | 83 | JH02AN1582 | 16-Nov-23 | 13-Dec-23 | 134 | JH02BL0827 | 21-Feb-25 | 20-Nov-23 |
| 35 | JH02AR4214 | 25-Feb-24 | 17-Oct-23 | 84 | JH02BM2566 | 24-Jul-24 | 26-Oct-23 | 135 | JH02BM8310 | 24-Jun-24 | 22-Nov-23 |
| 36 | JH02AE0249 | 22-Dec-23 | 18-Sep-23 | 85 | JH02AM6814 | 25-Mar-24 | 27-Oct-23 | 136 | JH02AW2152 | 07-Sep-24 | 29-Oct-23 |
| 37 | JH02BN4723 | 26-Dec-23 | 09-Dec-23 | 86 | JH02T6403 | 09-May-24 | 08-Nov-23 | 137 | JH01BA9510 | 13-Feb-24 | 18-Jan-24 |
| 38 | JH02AF6337 | 31-May-24 | 06-Feb-24 | 87 | JH02BM3825 | 02-Sep-23 | 01-Nov-23 | 138 | JH02AT0093 | 23-Mar-24 | 27-Aug-23 |
| 39 | JH02AC8395 | 29-Sep-24 | 13-Oct-23 | 88 | JH02BM6792 | 03-Sep-23 | 01-Nov-23 | 139 | JH02BK8628 | 11-Nov-24 | 01-Nov-23 |
| 40 | JH02AS8088 | 19-Sep-23 | 27-Nov-23 | 89 | JH02BK3115 | 11-Jan-25 | 10-Oct-23 | 140 | JH02aj7287 | 14-Oct-24 | 11-Oct-23 |
| 41 | JH02BM6186 | 17-Jul-24 | 01-Nov-23 | 90 | JH02AU6291 | 18-Sep-24 | 04-Sep-23 | 141 | JH02T6824 | 02-Jun-24 | 16-Aug-23 |
| 42 | JH02BM5463 | 07-Sep-23 | 30-Aug-23 | 91 | JH02BK9511 | 27-Feb-24 | 21-Sep-23 | 142 | JH02S6902 | 13-Jul-24 | 10-Oct-23 |
| 43 | JH02Z9811 | 16-Aug-24 | 30-Sep-23 | 92 | JH02BG8611 | 03-Feb-24 | 01-Nov-23 | 143 | JH02AW3963 | 02-Nov-24 | 16-Oct-23 |
| 44 | JH02AH9477 | 19-Nov-23 | 09-Dec-23 | 93 | JH02X5686 | 01-Mar-24 | 26-Sep-23 | 144 | JH02bk0447 | 25-Sep-24 | 06-Sep-23 |
| 45 | JH02AT6261 | 07-Nov-23 | 29-Oct-23 | 94 | JH02AD8415 | 25-Nov-23 | 10-Oct-23 | 145 | JH02AD9856 | 03-Feb-24 | 21-Aug-23 |
| 46 | JH02BK1988 | 15-Nov-24 | 10-Nov-23 | 95 | JH02AK1533 | 23-Jan-24 | 14-Oct-23 | 146 | JH02AN9204 | 01-Nov-23 | 03-Nov-23 |
| 47 | JH02AH2496 | 22-Aug-24 | 26-Nov-23 | 96 | JH02W2813 | 02-Jan-24 | 07-Nov-23 | 147 | JH02AF3704 | 24-Mar-24 | 11-Sep-23 |
| 48 | JH02M1474 | 21-May-22 | 30-Mar-24 | 97 | JH02Y0457 | 23-Dec-23 | 26-May-24 | 148 | JH02BK8612 | 23-Jan-25 | 20-Oct-23 |
| 49 | JH02AN6511 | 26-Dec-23 | 20-Dec-23 | 98 | JH02AG6482 | 27-Nov-24 | 19-Nov-23 | 149 | JH02AA7337 | 29-May-24 | 05-Oct-23 |
| 50 | JH02AT2570 | 19-Jan-24 | 08-Oct-23 | 99 | JH02BK8936 | 09-Jan-25 | 09-Jan-24 | 150 | JH02AP1844 | 31-Jan-24 | 09-Sep-23 |

PR 349627 Transport(25-26)#D

ह0/–

जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

# पुल निर्माण साइट के नाइट गार्ड की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** बीते साल 26 दिसंबर 2024 को नाइट गार्ड बालगोविंद साव की बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। हत्याकांड के करीब साढ़े तीन महीने बाद लातेहार पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप गंझू और किशुन भगत उर्फ किशुन जी शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी चंदवा थाना क्षेत्र के नगर गांव से हुई है। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने दो सिंगल शॉट देसी रायफल, आठ एमएम की दो जिंदा गोलियां, आठ एमएम का एक खोखा, मारे गये नाइट गार्ड का मोबाइल फोन और झारखंड संघर्ष जन मुक्ति मोर्चा का एक पर्चा बरामद किया है।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ लातेहार के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। गुरुवार को एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**पुल निर्माण कार्य में लगे लोगों पर हमला करने की कर रहे थे प्लानिंग**

एसपी ने प्रेस कांफेस में बताया कि बीते 26 दिसंबर 2024 की रात में नाइट गार्ड बालगोविंद साव की हत्या कर दी गयी थी। वह लातेहार थाना क्षेत्र के उलगड़ा गांव के औरंगा नदी पर पुल निर्माण कार्य में बतौर नाइट गार्ड तैनात था।

प्रदीप सिंह ने पर्चा छोड़ हत्या की जिम्मेदारी ली थी। इस मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं इस हत्याकांड के वांटेड व मुख्य आरोपी प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप गंझू और किशुन भगत फरार चल रहे थे। इसी दौरान एक अप्रैल को सूचना मिली थी कि प्रदीप और किशुन को चंदवा थाना क्षेत्र के नगर गांव में देखा गया है। दोनों फिर से उलगड़ा गांव के औरंगा नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगे लोगों पर हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविन्द कुमार, थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, मनोज कुमार, सुरेन्द्र कुमार महतो, राहुल सिन्हा, रामाकांत गुप्ता, मनीष राय, संतोष कुमार, राजेश कुमार शर्मा, प्रताप गुईया, प्रवेश यादव और तकनीकी शाखा पंकज कुमार शुक्ला शामिल रहे।

## ट्रैक्टर से टकरायी बुलेट, एक की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा के समीप जंगल में बुधवार देर शाम एनएच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर अनियंत्रित होकर बुलेट सवार दो युवकों ने ट्रैक्टर में पीछे से धक्का मार दिया। जिससे दोनों लड़के अचेत होकर सड़क पर गिर गये। जबकि ट्रैक्टर चालक घटना स्थल से गाड़ी ले कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर राहगीरों और ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए घायलों को अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक की हालत गंभीर बतायी। मृतक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के भुजनिया ग्राम निवासी रवि उरांव के रूप में किया गया है जबकि घायल की पहचान राजकुमार उरांव के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार बुलेट जेएच 01 एफएम 2661 पर सवार हो दोनों युवक लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रहे थे।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को योजना का लाभ दें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पशुपालन, कृषि, सहकारिता और मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जोड़ा बैल वितरण योजना, बीज विनिमय एवं वितरण की योजना, पशुधन, मत्स्य, सहकारिता में डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की स्थिति और प्रगति की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सर्वप्रथम पशुपालन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं जोड़ा बैल वितरण योजना के तहत प्रखंड वार भौतिक प्रगति परिसंपत्ति वितरण की समीक्षा कर चयनित लाभुकों के बीच पशु वितरण सुनिश्चित करने तथा अन्य लंबित आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने महुआडांड़, गारू, बरवाडीह और हेरहंज प्रखंड में प्रगति कम रहने के कारण पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रगति लाते हुए सभी योग्य किसानों को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। पशुधन योजना अंतर्गत अभी तक हुए प्रगति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित सभी योजनाओं के संचालन के लिए अपने लक्ष्य को पूर्ण करने और जन कल्याण के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी इन योजनाओं को शत प्रतिशत ग्रामीणों तक पहुंचा कर उन्हें इसका लाभ देने की बात कही। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्रियान्वित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योग्य किसानों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों की सैकड़ो महिलाओं ने गुरुवार को संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले भाजपा नेता सह पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। इससे पूर्व दूरदराज से पहुंचे महिलाओं ने पुराना ब्लॉक परिसर से एक जुलूस निकाली। जिसमें शामिल लोग सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। नारा लगाते हुई प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंच कर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि पूरे प्रखंड में सैकड़ों लाभुक महिलाओं जिनका सारा कागजात ठीक है। लेकिन वैसे लोगो को भी तीन माह का 7500 राशि अब तक नहीं मिली है। मंईयां सम्मान की राशि से वंचित महिलाओं ने पैसा नहीं मिलने के कारण मौसमी महुआ चुनने का काम छोड़ कर बकाया राशि को लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है। कन्हाई सिंह ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से जांच कर तत्काल राशि भेजने की मांग किया। कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर तत्काल सभी लाभुक महिलाओं का पैसा खाता में नहीं जाता है तो वंचित महिलाओं के साथ उग्र आंदोलन किया जायेगा। कन्हाई सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से पंचायत स्तर पर शिविर लगा कर वंचित महिलाओं की समस्याओं हल करने की मांग की। कन्हाई सिंह ने समस्याओं से संबंधित मांगों को लेकर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और सीओ मनोज कुमार को मांग पत्र दिया, जिसमें सभी पात्र महिलाओं को 7500 राशि देने, नये आवेदकों का आवेदन पत्र जमा लेना शामिल है।

मौके पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड स्तर पर किसी का नाम नहीं काटा जा रहा है। सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए उनका प्रयास निरंतर जारी है। मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, धीरज कुमार, प्रभारी बीपीओ कमलेश सिंह, विजय कुमार पप्पू, प्रखंड एवं अंचल के कर्मी समेत योजना से वंचित लाभुक शामिल थे।

# योजनाओं की जानकारी दीवार पर लिखें : मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतो मे अबुआ आवास, मनरेगा, पीएम आवास सहित विभिन्न विकास योजनाओं की



जानकारी संबंधित सरकारी कर्मी द्वारा ग्रामीणों को नहीं दी जाती है। जिससे क्षेत्र मे बिचौलियों की चांदी हो जाती है। इनके द्वारा ग्रामीणों से काफी पैसा की ठगी की जाती है। भंडरा मुखिया संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी मुखिया इसके कारण काफी क्षुब्ध है।

प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रखंड के सभी पंचायत में हो रहे विकास योजनाओं मे बिचौलियों द्वारा स्वीकृत योजना के नाम पर वसूली किए जाने की आये दिन लाभुकों की शिकायत होने की बात कही। मुखिया संघ अध्यक्ष ने बीडीओ से प्रखंड के सभी पंचायत मुख्यालय के दीवार पर आवास लाभुकों की सूची सहित गांव की विकास कार्यों सूची अंकित कराने की मांग की है। मुखिया ने कहा कि योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को होने से भ्रष्टाचार और बिचौलिये से ग्रामीणों को निजात मिलेगी। साथ ही योजनाओं मे प्रदर्शिता होंगी। मुखिया ने बीडीओ को बताया की विभाग के ऐसे रवैये से मुखिया को जनसमस्याओं से निजात दिलाने में कठिन समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया की विभाग द्वारा ग्रामीणों के साथ ऐसे व्यवहार से न केवल योजना स्थल, प्राकल्लित राशि हो या मजदूर का सही भुगतान से अनभिज्ञ रहते हैं बल्कि उन्हें पंचायत स्तर पर लोगों तक सही लाभ नहीं पहुंच पाने से जनसमस्या के समाधान पर भी बुरा असर पड़ता है। मुखिया ने बीडीओ से इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाते ग्रामीणों को जानकारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## वक्फ संशोधन बिल गैर संवैधानिक : वारिश कुरैशी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वक्फ संशोधित बिल 2024 को लेकर राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है।



उनका मानना है कि यह बिल सिरे से गैर संवैधानिक है और मुसलमानों के अधिकारों का हनन करता है। उन्होंने कहा है कि यह बिल मुसलमानों से उनकी खानकाहों,इबादतगाहों, यतीमखानों, मकतबों को हड़पने का फरमान है और मुसलमानों की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खतरे में डालता है। वारिस कुरैशी ने यह भी कहा है कि इस बिल के आड़ में मुसलमानों को परेशान किया जायेगा और उनकी वक्फ प्रॉपर्टीज छीनी जायेंगी। उन्होंने उन पार्टियों और सांसदों का शुक्रिया अदा किया है जिन्होंने इस बिल का विरोध किया है। उन्हें आश्वासन दिया है कि मुसलमान समाज उन्हें कभी नहीं भूलेगा। यह भी कहा कि मुसलमान समाज इस बिल का विरोध करने के लिए एकजुट होगा और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेगा।

# व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी गुरुवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा संपन्न हो गयी। व्रती महिला-पुरुष ने स्नान कर पीला और लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस के सूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल, केला रखकर डूबते हुए सूर्य को नदी घाटों पर व अपने आवास पर कुंड बनाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

बरवाडीह में स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी की पत्नी सुधा दुबे ने अपने आवास पर कुंड बनाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित की। वही कुछ जगहों पर नदी और तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती और उनके स्वजन अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा-अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी की कोशी की छठी के रूप में पूजा की। अब शुक्रवार की सुबह व्रती उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो जायेगा और वे पारण करेंगे।

# सप्तमी मेला को लेकर आज निकलेगी शोभायात्रा


आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** रामनवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत बाजार डांडू में लगने वाला सप्तमी मेला को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को शोभायात्रा निकालीं जायेगी। वही शोभायात्रा निकाले जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। रामनवमी पूजा सह मेला आयोजन कमिटी के अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष रामशरण नायक, सचिव गंगाधर नायक, कोषाध्यक्ष सूर्य भीषण मिश्रा सहित अन्य लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार डांडू में रामनवमी मेला आयोजित करने के लिये प्रत्येक वर्ष सप्तमी और अष्टमी को शोभायात्रा के साथ जुलूस निकाला जाता है।

शोभायात्रा सह जुलूस निकालने से पूर्व सभी लोग महावीरी झंडा का विधिवत पूजन करते हैं। उसके पश्चात शोभायात्रा सह जुलूस आयोजन किया जाता है। शोभायात्रा सह जुलूस बाजार डांडू से प्रारंभ हो कर मन्हे, साइनटोली, कसमार, फतेहपुर, रानीगंज, आरा, दूसरी जामुनटोली, तेतरटोली, तरफ कदमटोली का भ्रमण कर वापस गन्तव्य स्थल तक पंहुचता है। वही सभी जगहों में राम भक्तों का गुड़, चना और शरबत दे कर भव्य स्वागत किया जाता है। शोभायात्रा सह जुलूस में राम भक्त ढोल, नगाड़ा और तासा सहित अन्य वाद्य यंत्रों के साथ महावीरी झंडा और पारंपरिक हथियार ले कर नाचते झूमते शोभा यात्रा सह जुलूस में भ्रमण करते हैं। जगह जगह लाठी, डंडा, तलवारबाजी खेल का नुमाइश करते हैं। शोभा यात्रा सह जुलूस के दौरान धीरे धीरे सभी जगहों से कारवां बढ़ता जाता है। वही शोभा यात्रा सह जुलूस में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये शरारती और उपद्रवियों से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहती है।

# 47 किसानों को बीच ओल बीज का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** लोहरदगा कैरो प्रखंड परिसर में जिला उद्यान विभाग की ओर से जेएसलपीएस के तत्वाधान में किसानों के बीच ओल बीज का वितरण किया गया। प्रखंड के 47 किसानों को 50 किलो के हिसाब से यह बीज दिया गया। इस मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी ने कहा कि विभाग की ओर से किसानों को मुफ्त में बीज मुहैया कराकर सहायता प्रदान की जा रही है। अपने खेतों में मेहनत से लगायें और मुनाफा कमाकर अपना आर्थिक स्थिति सुधारें। उपमुखिया रवि प्रजापति ने कहा कि ओल की कीमत बाजारों में दूसरे फसल के अपेक्षा अधिक रहती है, इसका वृहत रूप से खेती कर अच्छे पैसा कमाया जा सकता है। जेएसलपीएस के सामुदायिक समन्वयक जेयाउल हक ने ओल को रोपने की विधि को विस्तार से बतलाया। मोके पर संजय यादव, विकास तिवारी, धीरज गुप्ता, बालमुकुंद कुमार, विनोद राम, मुना राम, बलराम केवट, परवेज अंसारी सहित कई किसान उपस्थित थे।

# भंडरा में सरहुल की रही धूम मांदर की थाप पर झूमे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रकृति का पर्व सरहुल गुरुवार को प्रखंड बस्ती स्थित सरना स्थल में धूमधाम से मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि मुखिया इंद्रदेव उरांव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया इंद्रदेव उरांव और संचालन शशिकांत उरांव ने किया। इससे पूर्व सरहुल कार्यक्रम में आये लगभग दो दर्जन से भी अधिक खोड़हा के लोग अखड़ा के समीप मे एकत्रित हुए, जहां से शोभा यात्रा निकाल कर नृत्य गीत पर सभी खोड़हा के लोग जुलूस की शक्ल में कुंबाटोली, मेन रोड, नवडीहा चौक, थाना रोड होते हुए सरना स्थल पहुंचे। इससे पहले सरना स्थल पर पहान, पुजार बुधराम उरांव, फेकू उरांव द्वारा प्रकृति, पूर्वज व देवी देवताओं की विधिवत पूजा की गयी। सरना स्थल पर सरना समिति के पुजारियों ने विधि विधान के साथ प्रकृति, देवी-देवताओं और पूर्वजों की पूजा की गयी। उत्सव के दौरान साल की पूजा भी की गयी। मौके पर अतिथियों ने कहा कि सरहुल पूजा प्रकृति पर आधारित है, जहां पाहन इसे नये वर्ष के साथ-साथ प्रकृति के मुख्य घटक जल जंगल जमीन के संरक्षण के संदेश देते है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता शशिकांत उरांव, कार्तिक उरांव, राजेश उरांव, बिरसा उरांव, एतवा उरांव, रामकेश्वर उरांव, समेत भारी संख्या मे महिला पुरुष उपस्थित थे।

# डीसी-एसपी ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत कुम्हरिया सरना बगीचा में जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी मेला जुलूस को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिश बिन जमां, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद सिंह सहित गणमान्य लोग शमिल हुए।

मौके पर उपायुक्त डा. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि रामनवमी त्योहार सभी धर्म आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। रामनवमी के दौरान जिला प्रशासन द्वारा रूट चार्ट निर्गत किया गया है। जिसका अनुपालन हर हाल में महावीर मंडल को करना है। विगत वर्ष रामनवमी जुलूस के दौरान कुम्हारिया गांव में कुछ शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गयी थी। त्योहार में आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिंहित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि लोहरदगा जिले में सभी धर्म एक दूसरे का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाते है। रामनवमी त्योहार भी सभी मिल जुलकर मनायें। त्योहार के दौरान कोई भी व्यक्ति आपसी सौहार्द को खराब करने की कोशिश करता है, तो वैसे दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान उन्होंने सभी धर्मों के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को त्योहार के दौरान निगरानी बनायें रखने की बात कही है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा और थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने भी लोगों को शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है।

## स्कूटी से गिरकर दो छात्रा घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतर टोली गांव के समीप स्कूटी से अनियंत्रित होकर गिरने से जुरा भरनो निवासी अनिमा उरांव और अताकारा निवासी अनुभा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना गुरुवार की अपराह्न 4:00 बजे की है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया गया जहां इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सरहुल की छुट्टी में दोनों छात्रा अपने घर आई थी वहीं गुरुवार की अपराह्न स्कूटी से विद्यालय जा रही थी तभी तेतर टोली के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी।

# उदीयमान सूर्य को आज अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा छठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी गुरुवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल, कला रखकर डूबते हुए सूर्य अर्घ्य दान किया। अर्घ्यदान को ले कुछ व्रतियों ने अपने घर में ही छठ घाट बनाया था। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रो में कुछ जगहों पर पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती और उनके स्वजन अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किये। शुक्रवार की सुबह व्रती उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो जायेगा और वे पारण करेंगे। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न हो जायेगा। साल में छह महीने के अंतराल पर कार्तिक व चैत मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर होने वाले छठ पर्व का सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से काफी महत्व है।

# महापुरुषों का अपमान बर्दाश्त नहीं : प्रेमतोष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी के प्रतिवाद में गुरुवार को क्षत्रिय जागृति मंच हुसैनाबाद ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जेपी चौक पर उनका पुतला दहन किया। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी एसडीओ को सौंपते हुए सांसद पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सदस्यता समाप्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान क्षत्रिय जागृति मंच के प्रेमतोष कुमार सिंह ने कहा कि सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा का अपमान किया है। राणा सांगा को भारतीय इतिहास में उनके शौर्य और राष्ट्रभक्ति के लिए जाना जाता है। महापुरुषों के प्रति इस तरह की टिप्पणियां अस्वीकार्य है। कहा कि राणा सांगा एक गौरवशाली योद्धा थे। जिन्होंने राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनके जीवन और संघर्ष को अपमानित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर क्षत्रिय जागृति मंच के श्रीराम सिंह, मंगल सिंह, रामप्रवेश सिंह, दुधेश्वर सिंह, शिवनारायण सिंह, बिमलेश सिंह, अवधेश सिंह, राजेश्वर सिंह, संतोष सिंह, सूर्यदेव सिंह, विजय सिंह, विनोद सिंह, मुकेश सिंह, प्रदीप सिंह, पप्पू सिंह, रामजी सिंह, अवध बिहारी सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसडीओ-सीओ ने रामनवमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी और चैत्र नवरात्र पर्व हुसैनाबाद क्षेत्र में शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर एसडीओ गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार एवं दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने गुरुवार को कई पूजा पंडाल का दौरा कर जुलूस के रूट का जायजा लिया। उन्होंने दंगवार, सूर्यमंदिर कजरात, दुगार्बाड़ी कजरात का निरीक्षण करने के साथ ही पूजा कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीओ ने सूर्य मंदिर कजरात में पहुंचकर मंदिर को देखा। साथ ही यज्ञशाला, महायज्ञ के दौरान पेय जल की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। साथ ही सूर्य मंदिर परिसर कजरात में 17 अप्रैल से होने वाले पांच दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कार्यक्रमों की जानकारी ली। कहा कि प्रशासन शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी का त्योहार संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है। पलामू पुलिस ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी करेगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सीओ पंकज कुमार ने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्योहार मनाएं एवं प्रशासन का सहयोग करें। मौके पर श्रीराम यादव, मिथिलेश प्रजापति, धनंजय राम, बिगन प्रजापति, रामाकांत यादव, शिव प्रसाद साव, विनय यादव, निरंजन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



विभिन्न जगहों का निरीक्षण करते एसडीओ-सीओ एवं अन्य।

# शिकायत पर पूर्व मुखिया ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के बंशी खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया उदय सिंह ने गुरुवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में सूचना मिली थी कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन पिछले एक महीने से बंद है। इसी की पुष्टि के लिए वे विद्यालय पहुंचे। इस दौरान पाया कि विद्यालय में कक्षा एक से 8 तक की पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कुल 280 छात्र नामांकित हैं और पांच शिक्षक शिक्षण का कार्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षाओं में पढ़ाई जारी थी और मध्याह्न भोजन भी नियम के अनुसार तैयार किया जा रहा था। भोजन की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया को भी देखा गया, जिसमें कोई खामी नहीं पाई गई। प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार रजक ने पूर्व मुखिया को बताया कि विद्यालय में शिक्षण कार्य पूरी तत्परता से किया जा रहा है। मध्यान भोजन के संचालन में कोई रुकावट नहीं है और बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपमुखिया सुल्ताना बीबी, वार्ड सदस्य सगीर खान, महताब, चलितर जी, योगेन्द्र प्रसाद, बशीर खान, अजय यादव, शाहरुदीन आदि उपस्थित थे। उन्होंने भी विद्यालय की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। पूर्व मुखिया उदय सिंह ने विद्यालय प्रशासन को शिक्षण और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही आश्वासन दिया कि यदि कोई समस्या आती है तो वे हरसंभव सहायता करेंगे।

# जरूरतमंदों की सेवा समाज के लिए एक संदेश : शीला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। समृद्धि की रोटी अभियान में भोजन के अलावे मौसमानुसार उनके लिए कपड़ों का भी वितरण करती है। पिछले 9-10 वर्षों से लगातार सेवा कर रही मिशन समृद्धि संस्था अपने धैर्य और अनुशासन का परिचय समाज के सामने दिया है। इससे ही प्रभावित होकर मोहल्लेवासी हमेशा भोजन और कपड़े देने को तैयार रहते हैं। पहले कुछ देने के लिए लोगों की तालाश करना पड़ता था। अब देने वाले नागरिक कार्य प्रयोजन से बचे हुए भोजन-कपड़े कुछ भी देने के लिए संस्था को फोन करते हैं। अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच औ शनि मंदिर के आसपास दिव्यांग-वृद्धजनों के बीच रोटी सब्जी खिचड़ी का वितरण किया गया। भोजन देने वाले परिवार का अभिनंदन। ममता कुमारी, शिल्पी गोस्वामी, अहिल्या गिरि, वीणा राज, बैजन्ती गुप्ता और बेबी पाण्डेय के सहयोग से इस नेक काम को पूरा किया जा रहा है।



# सीपीएस पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल प्रकाशित



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत मसिहानी स्थित सीपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी करने के साथ ही अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों ने सामुहिक रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जयसवाल, समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, रामदेनी यादव, जय प्रकाश गुप्ता एवं पीएसए प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के नर्सरी से अष्टम वर्ग तक के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक बबलू कुमार ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भाग लिया और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया और बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के सदस्य वीरेंद्र प्रसाद यादव, विकास कुमार, बलराम प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के सफल विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत नेउरा में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में गुरुवार को परीक्षार्थियों का वार्षिक परीक्षा फल 2024-25 का वितरण किया गया। इस असर पर जिप सदस्य फजायल अहमद और सदर अब्दुल ने छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा परिणाम पत्रक का वितरण किया। कक्षा नर्सरी से सप्तम तक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति, ऑल ओवर वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं आदर्श छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फैजायल अहमद ने छात्र-छात्राओं का अनुशासन और संस्कार की सराहनीय है। समारोह का संचालन वकील जाहिद हुसैन ने किया। मौके पर प्राचार्या पूनम राज, निदेशक गजाला अहसान रूबी, इम्तेयाज अंसारी सुशील कुमार, अखिलेश, मौसम कुमार, बाबर अहमद, रितेश, धीरज, अमित, अमन महफूज, याना भारती, नेहा, दिव्या, प्रिया, रूपम, प्रियंका, रानी, अंकिता, अंजली और प्रिया कुमारी आदि मौजूद थे।

# सरहुल महोत्सव एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** घुटियाटांड बस्ती में बेरमो केंद्रीय सरना समिति की ओर से सरहुल स्थल में गुरुवार को सरहुल पूजा महोत्सव एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुजारी नाया छोटेलाल उरांव ने सखुआ फूल, महुआ फूल, धधकी फूल से मारंगबुरू की पूजा की। मुख्य अतिथि समाजसेवी राजीव महतो के अलावा पुनीत महतो, पप्पू सिंह, दशरथ उरांव, गोपी महतो, चेता महतो, जम्बु पासवान आदि ने संयुक्त रुप से फीता काट कर महोत्सव का उद्घाटन किया। महिलाएं-युवतियों के साथ मांदर की थाप पर अतिथियों ने भी खूब नृत्य किया। कई टोला के पुरुष-महिलाएं एवं युवतियों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर राजीव महतो ने कहा कि सरहुल पर्व झारखंड की संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। हम सभी को वातावरण की शुद्धता के लिए पेड़-पौधे लगाने होंगें। वहीं, अन्य अतिथियों ने कहा कि हमारा जीवन प्रकृति से जुड़ा हुआ है। यह पर्व हमें प्रकृति एवं संस्कृति से जोड़े रखती है। वहीं, तीरंदाजी प्रतियोगिता में दर्जनों लोगों ने भाग लिया। इसमें प्रथम पृथ्वीराज उरांव, द्वितीय राजेश उरांव और तृतीय स्थान सुखदेव सिंह ने प्राप्त किया। इन्हें समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान समिति के पूर्व नाया सुकर मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। आयोजन में समिति के संयोजक राजेश उरांव, रमेश उरांव, श्यामलाल उरांव, निर्मल मुंडा, करण उरांव, धर्मेश उरांव, रणवीर उरांव, अभिषेक उरांव, सुरज उरांव, सागर उरांव, अंजली, पायल, श्वेता, मीनू आदि मौजूद थे।

# चैती छठ में घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा के अवसर पर गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया। वहीं, इस वर्ष भी सामाजिक सेवा समिति ने छठ व्रतधारियों के लिये हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया था। मौके पर सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल, राजद प्रखंड सतेंद्र यादव, विजय राम, गोपाल सोनी, राजू गुप्ता, पंडित पिंटू पांडेय, प्रभु साव, सत्यम सोनी, संजय केशरी आदि मौजूद थे।

# बिट्टू पाठक गये दिल्ली, कांग्रेस की बैठक में होंगे शामिल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस की ओर से आयोजित बैठक में पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैस रंजन उर्फ बिट्टू पाठक भी भाग लेंगे। उनके साथ कोषाध्यक्ष अजय साहू गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गये। उन्होंने बताया कि पार्टी को मजबूत करने की दिशा में यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के अलावा प्रदेश के प्रभारी एवं अन्य वरिय नेता मौजूद रहेंगे।



# फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान किनारे मौजूद चापानल को किया गया जमींदोज

## पेयजल के लिए ग्रामीण-राहगीर परेशान

**जिला प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** जिला में भागोडीह से शंखा तक फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका निर्माण भारत वाणिज्य कंपनी की ओर से कराया जा रहा है। इसमें कंपनी द्वारा घोर लापरवाही बरते जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य के दौरान कंपनी ने विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में बीएसएनल टावर के पास सड़क किनारे लगे एक चापानल के ऊपर ही मिट्टी-मोरंग डंप कर दिया, जिससे चापानल जमींदोज हो गया। पेयजल के लिये इस चापानल पर दर्जनों परिवार निर्भर थे। इसके अलावा काफी संख्या में राहगीर भी इसी चापानल पर आश्रित थे। चापानल के जमींदोज होने पर ग्रामीणों-राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कंपनी पर कार्रवाई करते हुए वहां दूसरा चापानल गड़वाने की मांग की है।







### तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए

भंडार ग्राम पंचायत निवासी विनोद पांडेय ने कहा कि सड़क निर्माण कंपनी मनमाने तरीके से कार्य कर रही है। कंपनी द्वारा जानबूझकर चापानल पर मिट्टी डंप कर पेयजल समस्या को विकराल रूप दे दिया गया है। पेयजल के लिये कंपनी तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करे वरना आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। वहीं, भंडार गांव निवासी सुनील पांडेय ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत से निपटने के लिये सरकार कई तरह की योजना चलती है। लेकिन सड़क निर्माण कंपनी के कर्मी पेयजल समस्या को और बढ़ा रहें है। इस पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए कंपनी के ऊपर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर पलामू उपयुक्त से मिलेंगे और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग करेंगे।

# शांतिपूर्ण और अपराध मुक्त व्यवस्था से विकास को मिलेगा बढ़ावा: दीपक तिवारी

**- झामुमो युवा नेता दीपक तिवारी ने सदर थाना प्रभारी को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने गुरुवार को सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता को सम्मानित किया। दीपक तिवारी के साथ समाजसेवी सतीश कुमार सिंह भी थे। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने थाना प्रभारी से उम्मीद जतायी कि अपने अच्छे कार्यशैली से क्षेत्र में अपराध मुक्त और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाएंगे। कहा कि शांतिपूर्ण और अपराधमुक्त व्यवस्था से विकास को बढ़ावा मिलती है। उन्होंने संतोष गुप्ता से थाना प्रभारी के पद पर रहकर अपने क्षेत्र अंतर्गत अपराध पर अंकुश लगाने एवं गैर कानूनी कार्यों की रोकथाम को लेकर तत्पर रहने, अपनी कार्यशैली, कुशल नेतृत्व और लोगों के साथ आपसी समन्वय रखकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व की सरकार पूरे राज्य को अपराध मुक्त बनाने और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने को लेकर कार्य कर रही हैं, जो स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह संभव हो सकेगा। वहीं, थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने भी आश्वस्त किया कि गैर कानूनी कार्य करने वालों पर नियमानुकूल कार्रवाई होगी। कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।



# दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर मारपीट



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र के दिवयाना में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें दिनेश साव एवं राजू साव गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी देते हुए घायल दिनेश साव ने बताया कि उनके पड़ोसी से पिछले कुछ वर्षों से एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह को वह काम पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे, तभी पड़ोसी तपन घोष ने बाहरी कुछ लोग को बुलाकर डंडा लाठी और लोहे के रोड से हमला कर दिया।

# बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे टोटो के खिलाफ जिला परिवहन विभाग ने चलाया जांच अभियान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे टोटो के खिलाफ जिला परिवहन विभाग ने गुरुवार को जांच अभियान चलाया। इसस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे एक दर्जन टोटो को जब्त किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि टोटो चालकों को पहले कई बार नोटिस दिया गया था। बावजूद इसके कोई सुधार नहीं होने पर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है।

## वन विभाग ने 168 ग्रामीणों के बीच 19 लाख मुआवजा राशि का वितरण किया



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर वन विभाग कार्यालय में गुरुवार को कुरुमगढ़ वन क्षेत्र में हाथी प्रभावित 168 ग्रामीणों के बीच कुल मुआवजा राशि 19 लाख का चेक का वितरण वन क्षेत्र के पदाधिकारी जगदीश राम जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक के द्वारा चेक के माध्यम से किया गया। रेंजर जगदीश राम ने मुआवजा राशि देते हुए ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि वैसे पीड़ित ग्रामीण जिनके घर फसल और पशु आदि जंगली हाथियों के द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया था, वैसे ग्रामीणों को मुआवजा दिया गया है। वन क्षेत्र में आने वाले चैनपुर जारी और डुमरी प्रखंड क्षेत्र के कई गांव से लोग पहुंचे। हाथी प्रभावित ग्रामीणों को चेक मिलने से राहत मिली है। आपको बता दे कि इन क्षेत्रों में जंगली हाथियों द्वारा आये दिन उत्पाद मचाते हुए गरीब किसानों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है वहीं हाथी पीड़ित किसानों का मौके पर पहुंचकर वनकर्मी आकलन कर कागजी परिक्रिया करते हुए समय-समय पर मुआवजा देते हैं। मौके पर वनरक्षक चंद्रेश उरांव व कई वन कर्मी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सांसद सुखदेव भगत ने मिक्सिंग प्लांट में मारे गये बच्चों का मामला उठाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सांसद सुखदेव भगत ने सदन में आरकेडी कंपनी के रेडवा प्लांट में 17 जून 2023 को मिक्सिंग प्लांट में पिस कर मारे गये दो बच्चे प्रदीप उरांव (18) एवं भरत गोप (17) का मामला उठाया। भरत गोप जो नबालिग था उसकी मौत के बाद एनएचएआइ और आरकेडी के द्वारा इस मामले को लिपापोती करने का काम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उम्र बढ़ाकर लिखा गया। साथ ही कंपनी के द्वारा एनएचएआइ की किसी भी गाइड लाइन को पूरा नही किया जा रहा है। पेड़ काटे गये पर नियमानुसार जितने पेड़ लगाने थे नहीं लगे। केंद्र सरकार की निर्देशानुसार अमृतसरोवर योजना के तहत तलाब निर्माण किया जाना था एक भी तलाब नहीं बने। उन्होने इस घोर अनियमितता की समुचित जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## संगठन सृजन मंथन की बैठक




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन सृजन मंथन की बैठक स्थानीय परिषद भवन गुमला में की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने किया। बैठक में पर्यवेछक के रूप में खुर्शीद आलम उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए गुलाम सरवर ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू से मिले निर्देश के बाद सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक किया जा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी का जमीनी स्तर पर काम कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को पार्टी के नीति सिद्धांत से अवगत कराना है। साथ ही उन्हें पार्टी से जोड़ते हुए सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर के बाद मंडल और पंचायत स्तर पर बैठक किया जाना है। साथ ही लोगो को जिम्मेवारी दी जानी है। पार्टी में सक्रिय रहने वाले पदधिकारियो को पार्टी से जोड़ कर रखा जायेगा। उन्हें जिम्मेवारियां दी जायेगी और जो पदाधिकारी सक्रिय नही रहते है उन्हें निष्क्रिय माना जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से सफीउल्लाह खान, नरायन एक्का, राजा खड़िया, शशिभूषण साहू, करमेला तिर्की, जीरा उरांव,मो एजाज, चरवा उरांव समेत सैंकड़ो लोग शामिल थे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व को लेकर तीसरे दिन गुरूवार को छठ व्रतियों ने अस्तचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। शहर के विभीन्न छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की साथ ही क्षेत्र की शांति के लिए विशेष प्रार्थना किया। छठ व्रती गुरूवार की शाम को जलाशय में प्रवेश कर घंटों भगवान भास्कर की प्रार्थना व ध्यान किया। अस्तचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने दूध, पानी, ठेकुआ, केला, नारियल, सेब आदि फलों से पूजा की। वहीं छठव्रती छठ गीतों को भाक्ति - भाव से गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची। रास्ते भर दंडवत लेटकर भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा नमन किया गया। रास्ते में छठ व्रतियों के डंडवत लेटते ही उनके पैर छूने के लिए लोग काफी उतारू दिखे। वही सिसई रोड छठ तालाब,डूमरडीह छठ घाट,मुरली बगीचा छठ घाट, मत्स्य विभाग स्थित वन तालाब छठ घाट,व नागफेनी नदी छठ घाट में व्रतियों द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पूजा का समापन होगा।

## ईद मिलन समारोह का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट एकेडमी गुमला के द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह का आयोजन भव्य रूप से सईद के आवासीय परिसर में 2 अप्रैल को मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से स्पोर्ट अकादमी के वर्तमान एवं पूर्व खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। स्पोर्ट अकादमी के कई खिलाड़ियों का वायु सेवा, आर्मी और कई नामी संस्थानों में योगदान रहा है, जो उपस्थित थे। इसी प्रकार शहर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में कार्तिक उरांव कॉलेज के प्रिंसिपल एसके गुप्ता एवं गुमला अंजुमन इस्लामिया के सदर सैयद मुशाहिद आदमी मौजूद थे। विशेष अतिथि के रूप में निर्देशक अराउस गुमला फादर जार्ज सोरेन, समाजसेवी गोवर्धन बधाई, खालिद शाह, मोहम्मद परवेज, स्पोर्ट अकादमी के अध्यक्ष हाफिजुर रहमान समेत भारी संख्या में गुमला के जाने-माने लोग उपस्थित थे। इस मौके पर स्पोर्ट अकादमी के सैयद जुनून ने कहा कि खेल में जैसे सभी प्लेयर हर धर्म हर समाज से रहकर देश के लिए खेला करते हैं, इसी प्रकार हर धर्म के त्योहारों में सभी धर्म के लोगों का आपस में भाईचारा मेल मोहब्बत बना रहे। ताकि हमारा देश एक मजबूत धर्मनिरपेक्ष देश बना रहे। इसके अलावा कार्तिक उरांव कॉलेज के प्रिंसिपल ने इस मौके पर सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि यहां आकर हमें बहुत अच्छा लगा और ऐसा समारोह शहर के हर कोने में होना चाहिए।

# गुमला जिला में सिकल सेल एनीमिया के 364 पुष्ट मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिला प्रशासन सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अभियान की शुरूआत 1 नवंबर 2023 को डुमरी प्रखंड के भगटीटोली हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से हुई थी। इस पहल के तहत, बासिया और बिशुनपुर प्रखंडों में 17 फरवरी 2025 तक शत प्रतिशत स्क्रीनिंग पूरी कर ली गयी है। बिशुनपुर प्रखंड, जिसकी लक्षित आबादी 57,137 है और जहां विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की संख्या अधिक है, को पीएम जनमन योजना के तहत पूर्ण रूप से कवर किया गया। इसी प्रकार, बासिया प्रखंड, जिसकी लक्षित आबादी 69,579 है, में भी यह लक्ष्य प्राप्त किया गया।



अब तक जिले में कुल 4.95 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गयी है, जिसमें 364 पुष्ट मामले, 1,749 वाहक और 1,475 संदिग्ध मामले पाये गये हैं। इन आंकड़ों के मद्देनजर, जिला प्रशासन ने प्रभावित मरीजों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू की है, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके अतिरिक्त, हाइड्रॉक्सीयूरिया उपचार की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, जिससे वर्तमान में 158 मरीज लाभान्वित हो रहे हैं।

सदर गुमला में हीमोग्लोबिनोपैथी से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष डे केयर सेंटर की स्थापना की गयी है, जहां थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों को बेहतर उपचार मिल रहा है। यह केंद्र जिला प्रशासन और एनजीओ 'द विशिंग फैक्ट्री' के संयुक्त प्रयास से स्थापित किया गया है, जिससे मरीजों को समय पर रक्त आधान और अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में, गुमला जिला प्रशासन का लक्ष्य 30 अप्रैल 2025 तक पूरे जिले में शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित करना है। इसके लिए, प्रखंड और पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## मूली पड़हा रायडीह के बेल बने शशिकांत बेक



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को मुली पड़हा गुमला के देवान चुंया कुजूर की अगुवाई में डाड़ा पड़हा रायडीह की बैठक संपन्न हुई। जिसमें भारत के संविधान की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के उरांव जनजाति बहुल क्षेत्र के पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था तंत्र ही पड़हा है पड़हा स्वशासन के द्वारा एक भौगोलिक सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निवास करनेवाले बारहो जाति छत्तीसो कौम को संचालित एवं नियंत्रित किया जाता है। यह एक पारंपरिक शासन व्यवस्था है। इसके अधिकारी बेल, देवान, कोटवार, करटाहा, दीवाउर्वस, कहतो एवं पांच पंच आदि होते हैं। मूली पड़हा रायडीह की पदाधिकारीयों का चयन किया गया। जिसमें बेल शशिकांत बेक, उप बेल महिपाल उरांव, देवान सोमेश्वर टाना भगत, उप देवान सुलोचना बाई, कोटवार राजेश उरांव, कहतो सुखराम उरांव और पंच के रूप में पूर्णिमा उरांव, भीखराम टाना भगत, दु:खी उरांव और राजु उरांव का चयन किया गया। तत्पश्चात सभी मूली पड़हा के पदाधिकारियों की सूची प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह को सौंपा गया। बैठक में पड़हा व्यवस्था को सशक्त और मजबूत करने पर बल दिया गया। मौके पर सोनो मिंज, पुष्पा उरांव, फुलमनी उरांव, देवेन्द्र लाल उरांव, शांति उरांव, शांति देवी और समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## युवती से विवाद के बाद युवक ने कीटनाशक खाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के माडापानी निवासी 21 वर्षीय दुर्गा प्रसाद साय ने गुरुवार की अपराह्न 4:00 बजे कीटनाशक खा लिया स्थिति खराब होने पर परिजनों उसे सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक एक लड़की को बिना शादी किये ढूकु के रूप में अपने पास रखा है। दोनों ईंट भट्ठा में काम करने हरियाणा गये थे किसी बात को लेकर युवक दो-तीन दिन पहले उसे छोड़कर अपने गांव चला आया गुरुवार की अपराह्न फोन पर दोनों के बीच बातचीत हुई। वहीं किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।

























































# आवास पर कब्जे को लेकर हाइ वोल्टेज ड्रामा

## पुलिस को देखते ही बाइक छोड़ कर भागे कब्जाधारी, थाने में शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** माइंस रेस्क्यू स्टेशन परिसर में गुरुवार को आवास कब्जा करने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। परिसर में स्थित एक बंद आवास संख्या 2/35 के समीप दिन में बाइक एवं मालवाहक टेंपो पर सवार होकर कुछ युवक पहुंचे और आवास के मुख्य द्वार पर लगे ताला को तोड़कर अंदर घुस गये। बाइक पर सवार राजशेखर नामक युवक ने अपने वाहन को आवास परिसर के अंदर रख दिया। इसकी सूचना पाकर माइंस रेस्क्यू स्टेशन के सुपरिटेंडेंट पीआर मुखर्जी कर्मियों के साथ वहां पहुंचे तो युवक अपनी ऊंची पहुंच की बात कर उनले उलझ गया। इस पर पीआर मुखर्जी ने घटना की सूचना झरिया पुलिस सहित वरीय अधिकारियों को फोन पर दिया। सूचना मिलते ही झरिया थाना का गश्ती दल माइंस रेस्क्यू स्टेशन पहुंच गयी। हालांकि पुलिस के आने की सूचना पर सभी युवक वहां से फरार हो गए। हालांकि उनकी बाइक आवास परिसर के अंदर ही छूट गई। उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक बाइक चल रहे युवक के वापस आने का इंतजार करती रही, लेकिन पुलिस को देख वह वापस नहीं आया। इसके बाद पुलिस की उपस्थिति में मुख्य गेट पर माइंस रेस्क्यू स्टेशन के कर्मियों ने दोबारा ताला लगा दिया। बाइक परिसर के अंदर ही पड़ी रही। बताया जा रहा कि उक्त आवास रूमो सरकार नामक महिला कर्मी के नाम पर आवंटित था। उन्होंने वीआरएस लेकर अपने पुत्र को नियोजन दिया था। करीब 8 साल से उक्त आवास बंद है। पूर्व में किसी फर्जी मामले में राज्य के बाहर की पुलिस रूमो मंडल की तलाश में उक्त आवास पहुंची थी। इसके बाद से उक्त आवास को किसी अन्य कर्मी के नाम पर आवंटित नहीं किया गया है। अभी भी उक्त आवास में रूमो सरकार के घर के सामान रख पड़े हैं। संबंध में माइंस रेस्क्यू सुपरिटेंडेंट पीआर मुखर्जी ने कहा कि पूरे मामले की लिखित शिकायत झरिया थाने में की गयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए धनबाद पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया है।


हंगामे के बाद पहुंची पुलिस और मौके पर मौजूद माइंस रेस्क्यू स्टेशन के सुपरिटेंडेंट।

# दुकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक



**गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गांधी मेला पथ कॉलोनी में रहने वाले कुंदन कुमार के मकान में स्थित दुकान में भीषण आग लग गयी। जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति जल कर राख होने का दावा किया जा रहा है। घंटों मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। बतातें चलें कि आग फैलने से पहले घर के लोग बाहर निकल गये थे। दुकान में रखे इलेक्ट्रिक के सामान में धमाका भी हुआ है, जिससे आस पास के लोग दहशत में आ गए। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं, आग बुझाने के क्रम में दुकान के मालिक कुंदन कुमार घायल भी हो गये, जिन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। घरवालों की मानें तो आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

# जरूरतमंदों को सेवा का मौका मिलना सौभाग्य की बात है : डॉ जॉय चटर्जी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को भी शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) परिसर में जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस दिन भोजन की व्यवस्था धनबाद निवासी (अभी कार्य सूत्र से मध्य प्रदेश के सिंगरौली में रहने वाले) डॉक्टर जॉय चटर्जी और उनके परिजनों की ओर से की गयी थी। बतातें चलें कि समाजसेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन संस्था 16 अक्टूबर 2021 से जरूरतमंदों के बीच पीएमसीएच अस्पताल में एक समय के भोजन का प्रतिदिन व्यवस्था करती है। इस मौके पर केयर एंड सर्व फाउंडेशन के सचिव अजय कुमार चौधरी, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संस्थापक सदस्य राबिन चटर्जी, रवि कौशल सिन्हा, नयन विश्वास, नील कमल खावास, तपन चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# इंडियन थेरेपी सेंटर का शुभारंभ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जोड़ा फाटक रोड पर गुरुद्वारा के पास गुरुवार को इंडियन थेरेपी सेंटर का उद्घाटन हुआ। जिसमें एक ही छत के नीचे नई तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ मेडिकल रिहेब सेंटर होना क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। इस सेंटर में फिजियोथैरेपी, काउंसलिंग स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, न्यूरोलॉजी और अन्य मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विधायक राज सिन्हा, डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, डॉक्टर विभूति नाथ, डॉक्टर निर्मल डोलिया, डॉक्टर ऋतुराज, समाजसेवी दीपक पोद्दार, राजीव शर्मा, रमेश राही, गुरुद्वारा कमेटी सदस्य, चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार सोहराब खान,दिलीप सिंह, सोनी सिंह और सोमनाथ पृथी ने उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए कौशल अग्रवाल और प्रतीक अग्रवाल को लोगों ने बधाई दी। यह सेंटर निश्चित रूप से लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा और कई ज़िंदगियों में सकारात्मक बदलाव लाएगा। बताया गया कि बच्चों से संबंधित उपकरण कान की मशीन आदि भी उपलब्ध है।

# छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के विभिन्न घाटों में चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को अस्तचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। कई समाजसेवी और राजनेता छठ घाट पर पहुंचकर अर्घ्य दिये। दामोदर नदी तट के करगली गेट स्थित घुटियाटाड छठ घाट, रामविलास स्कूल के समीप, बालू बैंकर, हिंदुस्तान पुल, ढोरी खास आदि स्थानों पर छठ पूजा को लेकर खासी भीड़ देखी गयी। इसके अलावा तालाब, पोखर, नहर, जलाशय आदि पर भी छठ व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इससे पहले व्रतियों के घर के सदस्य प्रसाद से भरा सूप-दौड़ा सिर पर रखकर नंगे पांव पहुंचे थे। जगह-जगह समाजसेवियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर पानी और शरबत की व्यवस्था की गई थी। शुक्रवार को उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ महापर्व चैती छठ का समापन होगा। इस दौरान फुसरो बाजार में में छठ के गीत बजाने से पूरा बाजार छठमय हो गया। मान्यता है कि छठ करने से संतान की लंबी आयु, निरोगी, यश, वैभव प्राप्त होता है।

## किन्नर समाज ने किया छठ पर्व, खुशहाली की कामना की



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चैती छठ महापर्व में न्यू मटकुरिया रेलवे लाइन के किनारे छठ पूजा के लिए आकर्षक साजसज्जा किया गया था। वहां बनाया गए जलाशय कुंड में अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी की शिष्य काजल किन्नर ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर जजमानों के घरों में खुशियां लाने की प्रार्थना की। किन्नर समाज की अध्यक्ष छम छम देवी, आइकॉन श्वेता किन्नर सहित अन्य किन्नरों एवं कॉलोनी के महिलाओं-पुरुषों ने काजल किन्नर के सूप में अर्घ्य दिया। वहीं, छठ वर्ती की सेवा में छम छम देवी, श्वेता किन्नर,निर्मला किन्नर, राखी किन्नर, रेखा किन्नर समेत आदि किन्नर मौजूद थे।

# धनबाद मंडल में चला टिकट जांच अभियान, पकड़े गये 124 बेटिकट यात्री

### रेलवे ने वसूला 49 हजार रुपये का जुर्माना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रेलवे स्टेशनों और विभिन्न मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में व्यापक स्तर पर जांच की जा रही है। इसी कड़ी में धनबाद-कोडरमा रेलखंड में एक विशेष जांच अभियान का आयोजन किया गया। रेलवे की टिकट जांच टीम ने 124 यात्रियों को बिना टिकट या अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा। उनसे कुल 49,380 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही, सभी यात्रियों को भविष्य में उचित टिकट लेकर यात्रा करने की सख्त हिदायत दी गई। धनबाद मंडल की ओर से लगातार इस तरह के टिकट जांच अभियानों को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाई जा सके। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन यात्रियों पर अंकुश लगाना है जो बिना टिकट यात्रा करते हैं, ताकि ईमानदारी से टिकट खरीदने वाले यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक की तरह यात्रा करें और निर्धारित टिकट लेकर ही सफर करें। धनबाद मंडल भविष्य में भी इस तरह के सघन जांच अभियान जारी रखेगा।

# रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर राजगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाल कर क्षेत्र का दौरा किया। राजगंज थाना क्षेत्र के जुलूस के नियत रूट के महेशपुर, दलूडीह, चुंगी रोड, कतरास रोड, मैराकुल्ही, डोमनपुर, खरनी रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में थाना प्रभारी अलीशा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल बाइक, गस्ती गाड़ी पर सवार हो गस्त लगाई। फ्लैग मार्च में आसपास के थाना के प्रभारी के साथ कतरास इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी भी मौजूद रहे। इश दौरान लोगों से आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गयी।


**मोटर यान निरीक्षक कार्यालय, कोडरमा।**

—आम सूचना—

संयुक्त परिवहन आयुक्त के प्राप्त निदेशानुसार JIMMS Portal में पंजीकृत वाहनों में से डिफाल्टर (दुरुस्ती एवं मार्गकर कालबाधित ) वाहनों के प्राप्त डाटा अनुसार सभी वाहन स्वामियों को निदेशित किया जाता है कि अपने–अपने डिफाल्टर (दुरुस्ती एवं मार्गकर कालबाधित ) वाहनों के दुरुस्ती तथा मार्गकर / पथकर नियत समय सूचना विज्ञापन के 15 दिनों में अपडेट करना सुनिश्चित करेंगें ।

| Sl.No | State of User | Vehicle Number | Engine Number | Chassis Number | No of Wheels | Synchronized Date | Fitness Validity | Tax Validity | Black listed | Registered At |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JHARKHAND | JH12K3151 | 91A8XXXX57710 | MAT4XXXX03376 | 12 | 21-Mar-25 | 22-Oct-23 | 24-May-25 | NO | KODERMA |
| 2 | JHARKHAND | JH12H8858 | B5.9XXXX80160 | MAT4XXXX04887 | 18 | 20-Mar-25 | 31-Jan-26 | 29-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 3 | JHARKHAND | JH12S1315 | B6.7XXXX39024 | MAT5XXXX00749 | 16 | 20-Mar-25 | 9-Mar-27 | 27-May-25 | NO | KODERMA |
| 4 | JHARKHAND | JH12S6774 | 52B9XXXX04360 | MAT8XXXX03805 | 18 | 19-Mar-25 | 6-Mar-27 | 6-Jun-25 | NO | KODERMA |
| 5 | JHARKHAND | JH12S4869 | ISBEXXXX76817 | MAT5XXXX08710 | 14 | 19-Mar-25 | 7-Mar-27 | 26-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 6 | JHARKHAND | JH12S9651 | B6.7XXXX45569 | MAT8XXXX02995 | 18 | 19-Mar-25 | 10-Feb-27 | 3-Jun-25 | NO | KODERMA |
| 7 | JHARKHAND | JH12K7967 | ISB5XXXX36663 | MAT5XXXX30859 | 14 | 19-Mar-25 | 8-Mar-25 | 15-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 8 | JHARKHAND | JH12S3796 | 52A6XXXX42332 | MAT5XXXX02014 | 16 | 18-Mar-25 | 16-Feb-27 | 12-May-25 | NO | KODERMA |
| 9 | JHARKHAND | JH12S0580 | B6.7XXXX34092 | MAT8XXXX15277 | 10 | 16-Mar-25 | 15-Jul-26 | 26-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 10 | JHARKHAND | JH12R7802 | VAJZXXXX23477 | MA1QXXXX99517 | 10 | 16-Mar-25 | 5-Feb-27 | 3-May-25 | NO | KODERMA |
| 11 | JHARKHAND | JH12S4521 | B6.7XXXX75586 | MAT8XXXX16493 | 18 | 8-Mar-25 | 30-Jan-26 | 24-May-25 | NO | KODERMA |
| 12 | JHARKHAND | JH12S9768 | B6.7XXXX39957 | MAT5XXXX01047 | 16 | 8-Mar-25 | 3-Mar-27 | 3-Jun-25 | NO | KODERMA |
| 13 | JHARKHAND | JH12S4967 | 42L6XXXX28959 | MAT8XXXX32386 | 18 | 7-Mar-25 | 3-Mar-27 | 3-Jun-25 | NO | KODERMA |
| 14 | JHARKHAND | JH12Q3873 | PDPZXXXX09190 | MB1TXXXXY4773 | 18 | 6-Mar-25 | 19-Jan-26 | 19-Oct-25 | NO | KODERMA |
| 15 | JHARKHAND | JH12T1295 | 52A6XXXX43346 | MAT8XXXX02258 | 18 | 5-Mar-25 | 27-Feb-27 | 27-May-25 | NO | KODERMA |
| 16 | JHARKHAND | JH12U1295 | 52A6XXXX45554 | MAT8XXXX03188 | 18 | 5-Mar-25 | 27-Feb-27 | 27-May-25 | NO | KODERMA |
| 17 | JHARKHAND | JH12T4122 | B6.7XXXX39352 | MAT8XXXX00870 | 18 | 5-Mar-25 | 27-Feb-27 | 27-May-25 | NO | KODERMA |
| 18 | JHARKHAND | JH12S5190 | B6.7XXXX45872 | MAT8XXXX02940 | 18 | 5-Mar-25 | 24-Feb-27 | 23-May-25 | NO | KODERMA |
| 19 | JHARKHAND | JH12S5490 | B6.7XXXX45862 | MAT8XXXX02939 | 18 | 5-Mar-25 | 24-Feb-27 | 23-May-25 | NO | KODERMA |
| 20 | JHARKHAND | JH12S5136 | B6.7XXXX45657 | MAT8XXXX02984 | 18 | 4-Mar-25 | 24-Feb-27 | 23-May-25 | NO | KODERMA |
| 21 | JHARKHAND | JH12S5736 | B6.7XXXX45328 | MAT8XXXX02985 | 18 | 4-Mar-25 | 24-Feb-27 | 23-May-25 | NO | KODERMA |
| 22 | JHARKHAND | JH12S5861 | 42L6XXXX29282 | MAT5XXXX33700 | 18 | 3-Mar-25 | 24-Feb-27 | 21-May-25 | NO | KODERMA |
| 23 | JHARKHAND | JH12H6775 | ISBEXXXX31087 | MAT7XXXX26110 | 22 | 3-Mar-25 | 31-Jan-26 | 1-May-25 | NO | KODERMA |
| 24 | JHARKHAND | JH12S3472 | B6.7XXXX06169 | MAT8XXXX15565 | 18 | 1-Mar-25 | 7-Feb-27 | 7-May-25 | NO | KODERMA |
| 25 | JHARKHAND | JH12S8571 | 52A6XXXX41929 | MAT5XXXX01846 | 18 | 1-Mar-25 | 16-Feb-27 | 16-May-25 | NO | KODERMA |
| 26 | JHARKHAND | JH12F1716 | B591XXXX78935 | MAT4XXXX24291 | 10 | 27-Feb-25 | 14-Feb-26 | 18-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 27 | JHARKHAND | JH12Q7174 | B6.7XXXX25928 | MAT5XXXX27268 | 16 | 26-Feb-25 | 1-Nov-25 | 29-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 28 | JHARKHAND | JH12R2200 | B6.7XXXX91267 | MAT5XXXX17577 | 10 | 26-Feb-25 | 30-Jul-26 | 11-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 29 | JHARKHAND | JH12K0271 | ISBEXXXX22616 | MAT5XXXX25432 | 14 | 23-Feb-25 | 21-Dec-25 | 26-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 30 | JHARKHAND | JH12S8894 | B6.7XXXX38916 | MAT5XXXX00621 | 16 | 22-Feb-25 | 16-Feb-27 | 12-May-25 | NO | KODERMA |
| 31 | JHARKHAND | JH12S5557 | 42L6XXXX29284 | MAT5XXXX33714 | 16 | 22-Feb-25 | 18-Feb-27 | 18-May-25 | NO | KODERMA |
| 32 | JHARKHAND | JH12S5551 | 52A6XXXX40693 | MAT5XXXX01963 | 16 | 22-Feb-25 | 18-Feb-27 | 18-May-25 | NO | KODERMA |
| 33 | JHARKHAND | JH12S9154 | 10E9XXXX45627 | MAT8XXXX02306 | 18 | 22-Feb-25 | 18-Feb-27 | 17-May-25 | NO | KODERMA |
| 34 | JHARKHAND | JH12S3090 | B6.7XXXX36827 | MAT8XXXX36428 | 18 | 22-Feb-25 | 16-Feb-27 | 16-May-25 | NO | KODERMA |
| 35 | JHARKHAND | JH12S8781 | 42K6XXXX19882 | MAT5XXXX29169 | 16 | 21-Feb-25 | 16-Feb-27 | 16-May-25 | NO | KODERMA |
| 36 | JHARKHAND | JH12R3338 | VFJZXXXX25099 | MA1QXXXX70104 | 10 | 19-Feb-25 | 19-Jan-26 | 3-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 37 | JHARKHAND | JH12S7998 | B592XXXX41252 | MAT4XXXX10453 | 10 | 18-Feb-25 | 24-Jan-25 | 15-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 38 | JHARKHAND | JH12R6955 | B6.7XXXX12225 | MAT8XXXX26195 | 18 | 17-Feb-25 | 20-Nov-26 | 15-May-25 | NO | KODERMA |
| 39 | JHARKHAND | JH12G3257 | B5.9XXXX74806 | MAT5XXXX03388 | 14 | 16-Feb-25 | 24-Nov-25 | 8-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 40 | JHARKHAND | JH12Q1988 | VFKZXXXX16275 | MA1QXXXX75425 | 10 | 16-Feb-25 | 28-Nov-23 | 29-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 41 | JHARKHAND | JH12S1744 | B6.7XXXX31502 | MAT5XXXX33171 | 16 | 6-Feb-25 | 20-Jan-27 | 20-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 42 | JHARKHAND | JH12S5317 | B6.7XXXX35816 | MAT8XXXX34757 | 18 | 6-Feb-25 | 27-Jan-27 | 26-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 43 | JHARKHAND | JH12S8721 | B6.7XXXX28256 | MAT8XXXX32189 | 18 | 4-Feb-25 | 20-Jan-27 | 19-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 44 | JHARKHAND | JH12S7659 | B6.7XXXX35954 | MAT8XXXX36027 | 18 | 2-Feb-25 | 23-Jan-27 | 23-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 45 | JHARKHAND | JH12R3150 | 42K6XXXX20618 | MAT5XXXX29398 | 16 | 31-Jan-25 | 20-Jan-27 | 20-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 46 | JHARKHAND | JH12R2715 | 81F6XXXX03885 | MAT5XXXX19683 | 16 | 30-Jan-25 | 14-Feb-25 | 12-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 47 | JHARKHAND | JH12R8796 | ISBEXXXX62381 | MAT5XXXX03108 | 14 | 27-Jan-25 | 23-Mar-26 | 24-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 48 | JHARKHAND | JH12L8062 | ISB5XXXX96982 | MAT5XXXX16897 | 16 | 26-Jan-25 | 18-Dec-25 | 5-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 49 | JHARKHAND | JH12R5568 | B6.7XXXX24040 | MAT5XXXX30705 | 16 | 23-Jan-25 | 15-Jan-27 | 15-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 50 | JHARKHAND | JH12Q7360 | B6.7XXXX58217 | MAT5XXXX02147 | 16 | 23-Jan-25 | 28-Feb-26 | 27-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 51 | JHARKHAND | JH12R3523 | VAJZXXXX19778 | MA1QXXXX99324 | 10 | 22-Jan-25 | 23-Jan-25 | 25-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 52 | JHARKHAND | JH12R0123 | 42L9XXXX90365 | MAT8XXXX17902 | 18 | 20-Jan-25 | 15-Jan-27 | 10-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 53 | JHARKHAND | JH12R5196 | 42K6XXXX16375 | MAT7XXXX27771 | 14 | 20-Jan-25 | 8-Jan-27 | 7-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 54 | JHARKHAND | JH12R4430 | 42K6XXXX15145 | MAT7XXXX27254 | 14 | 20-Jan-25 | 8-Jan-27 | 7-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 55 | JHARKHAND | JH12R5490 | 42L6XXXX28227 | MAT8XXXX19528 | 18 | 18-Jan-25 | 8-Jan-27 | 6-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 56 | JHARKHAND | JH12R4764 | B6.7XXXX19536 | MAT5XXXX29956 | 16 | 18-Jan-25 | 8-Jan-27 | 3-Apr-25 | NO | KODERMA |
| 57 | JHARKHAND | JH12R9972 | B6.7XXXX13542 | MAT8XXXX26670 | 18 | 13-Jan-25 | 17-Nov-26 | 13-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 58 | JHARKHAND | JH12R7653 | B591XXXX50272 | MAT4XXXX14907 | 12 | 7-Jan-25 | 26-Dec-25 | 29-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 59 | JHARKHAND | JH12E8048 | B591XXXX69429 | MAT4XXXX07016 | 12 | 5-Jan-25 | 29-Mar-25 | 8-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 60 | JHARKHAND | JH12F8161 | B592XXXX37676 | MAT4XXXX09088 | 10 | 27-Dec-24 | 23-Oct-25 | 19-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 61 | JHARKHAND | JH12R1772 | VAJZXXXX23169 | MA1QXXXX99250 | 10 | 26-Dec-24 | 10-Feb-25 | 5-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 62 | JHARKHAND | JH12J4252 | ISB5XXXX21694 | MAT5XXXX24992 | 14 | 23-Dec-24 | 24-Sep-26 | 12-Mar-25 | NO | KODERMA |
| 63 | JHARKHAND | JH12R4378 | VAJZXXXX24137 | MA1QXXXX97107 | 12 | 17-Dec-24 | 21-Mar-25 | 29-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 64 | JHARKHAND | JH12R7333 | 51B8XXXX12189 | MAT4XXXX04290 | 12 | 17-Dec-24 | 24-Jul-25 | 28-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 65 | JHARKHAND | JH12Q4679 | VFKZXXXX11342 | MA1QXXXX71601 | 10 | 17-Dec-24 | 2-May-25 | 24-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 66 | JHARKHAND | JH12R9263 | VAJZXXXX10625 | MA1QXXXX98228 | 12 | 17-Dec-24 | 23-Nov-25 | 21-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 67 | JHARKHAND | JH12L1215 | 91G8XXXX92971 | MAT4XXXX13305 | 12 | 14-Dec-24 | 24-Apr-26 | 26-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 68 | JHARKHAND | JH12R1601 | 42K6XXXX18899 | MAT5XXXX28841 | 16 | 13-Dec-24 | 20-Nov-26 | 19-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 69 | JHARKHAND | JH12Q6737 | 9269XXXX53063 | MEC8XXXX46500 | 10 | 4-Dec-24 | 1-Sep-25 | 27-Nov-25 | NO | KODERMA |
| 70 | JHARKHAND | JH12N4905 | B6.7XXXX66328 | MAT8XXXX18091 | 10 | 3-Dec-24 | 10-Jan-26 | 14-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 71 | JHARKHAND | JH12E6643 | B591XXXX54068 | MAT4XXXX12276 | 12 | 1-Dec-24 | 7-Jun-25 | 16-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 72 | JHARKHAND | JH12R8597 | 42J6XXXX10471 | MAT8XXXX15286 | 18 | 30-Nov-24 | 20-Nov-26 | 19-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 73 | JHARKHAND | JH12R8591 | 42J9XXXX84822 | MAT8XXXX15420 | 18 | 30-Nov-24 | 20-Nov-26 | 19-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 74 | JHARKHAND | JH12R6013 | 42K6XXXX19331 | MAT5XXXX29043 | 16 | 30-Nov-24 | 20-Nov-26 | 19-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 75 | JHARKHAND | JH12R7025 | VAJZXXXX15165 | MA1QXXXX98576 | 10 | 30-Nov-24 | 18-May-25 | 9-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 76 | JHARKHAND | JH12R0829 | B6.7XXXX09806 | MAT5XXXX25440 | 16 | 27-Nov-24 | 31-Oct-26 | 31-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 77 | JHARKHAND | JH12D9041 | B591XXXX77768 | MAT4XXXX21643 | 12 | 27-Nov-24 | 14-Feb-25 | 9-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 78 | JHARKHAND | JH12R2845 | B6.7XXXX05808 | MAT5XXXX23580 | 16 | 25-Nov-24 | 31-Oct-26 | 31-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 79 | JHARKHAND | JH12H7394 | B5.9XXXX79735 | MAT5XXXX05233 | 14 | 22-Nov-24 | 28-Feb-25 | 29-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 80 | JHARKHAND | JH12R2798 | B6.7XXXX02143 | MAT5XXXX22237 | 10 | 22-Nov-24 | 18-Nov-26 | 30-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 81 | JHARKHAND | JH12R5136 | 42J6XXXX10394 | MAT8XXXX16076 | 18 | 22-Nov-24 | 17-Nov-26 | 8-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 82 | JHARKHAND | JH12R5736 | 42J6XXXX10392 | MAT8XXXX16075 | 18 | 22-Nov-24 | 17-Nov-26 | 8-Feb-25 | NO | KODERMA |
| 83 | JHARKHAND | JH12R8960 | VAHZXXXX13676 | MA1QXXXX48888 | 10 | 20-Nov-24 | 13-Oct-25 | 6-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 84 | JHARKHAND | JH12R6641 | 81C8XXXX67808 | MAT4XXXX09738 | 12 | 18-Nov-24 | 25-Sep-25 | 27-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 85 | JHARKHAND | JH12S8305 | B6.7XXXX04137 | MAT5XXXX22605 | 14 | 17-Nov-24 | 25-Oct-26 | 25-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 86 | JHARKHAND | JH12R6073 | B6.7XXXX11225 | MAT5XXXX25964 | 18 | 13-Nov-24 | 18-Oct-26 | 18-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 87 | JHARKHAND | JH12R6781 | B6.7XXXX92533 | MAT8XXXX11414 | 18 | 11-Nov-24 | 24-Oct-26 | 23-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 88 | JHARKHAND | JH12R0348 | B6.7XXXX04057 | MAT5XXXX22688 | 18 | 8-Nov-24 | 3-Oct-26 | 3-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 89 | JHARKHAND | JH12E1131 | B591XXXX82094 | MAT4XXXX19381 | 18 | 2-Nov-24 | 27-Jun-25 | 4-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 90 | JHARKHAND | JH12L7236 | ISB5XXXX94056 | MAT4XXXX16044 | 10 | 2-Nov-24 | 6-Dec-25 | 15-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 91 | JHARKHAND | JH12R9336 | ISBEXXXX25816 | MAT5XXXX26655 | 14 | 1-Nov-24 | 3-Oct-26 | 24-Dec-24 | NO | KODERMA |
| 92 | JHARKHAND | JH12H2629 | ISBEXXXX19660 | MAT5XXXX17832 | 14 | 30-Oct-24 | 27-Oct-25 | 4-Jan-25 | NO | KODERMA |
| 93 | JHARKHAND | JH12R2089 | B6.7XXXX96724 | MAT5XXXX18764 | 16 | 28-Oct-24 | 25-Oct-26 | 25-Jan-25 | NO | KODERMA |

ह0 / —
मोटर यान निरीक्षक
कोडरमा।

PR 349648 (Transport) 25-26 (D)


**चिंता : गर्मी में जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की कवायद शुरू**

# झरिया विधायक की बेटी ने माडा अधिकारियों के साथ की बैठक, पानी की समस्या को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया के लोगों को पानी की समस्या से बहुत हद तक राहत दिलाने को लेकर विधायक रागिनी सिंह की बड़ी बेटी शताक्षी उर्फ साक्षी सिंह ने माडा के पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में बैठक की। जिसमें माडा के जेई, पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। साक्षी सिंह ने कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच झरिया विधानसभा क्षेत्रों में नल से होने वाली जलापूर्ति में कोई दिक्कत ना हो इसे लेकर माडा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। जहां माडा का कनेशन नहीं हैं वहां के लोगों को टैंकर से फिलहाल पानी पहुंचाया जाएगा। हमारा प्रयास हैं कि जल्द से जल्द माडा कनेक्शन लोगों तक पहुंचे और उनकी पानी की समस्या को दूर किया जा सके। जिस क्षेत्र में लीकेज की समस्या है उसे भी माडा के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। उसे तत्काल मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल किया जाए, ताकि झरिया के लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझना ना पड़े।


माडा अधिकारियों के साथ बैठक करती विधायक की बड़ी बेटी शताक्षी उर्फ साक्षी सिंह।

# मुख्यमंत्री ने 5,770 करोड़ रुपये की 14 औद्योगिक परियोजनाओं का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओड़िशा के औद्योगीकरण अभियान को बढ़ावा देने के लिए 5,770 करोड़ रुपये के निवेश वाली 14 औद्योगिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अनुमान है कि इन सभी परियोजनाओं में 37 हजार से अधिक नियुक्ति के अवसर सृजित होंगे। यह कार्यक्रम उत्कर्ष ओड़िशा-मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव 2025 के समापन के 60 दिनों के भीतर आयोजित किया जा रहा है, जो निवेश उद्देश्यों को व्यवहार्य परियोजनाओं में बदलने की दिशा में ओड़िशा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री द्वारा जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, उनमें खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, परिधान और तकनीकी कपड़ा, यांत्रिक और विद्युत पूंजी उपकरण और पैकेजिंग परियोजनाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम में ज्यूपिटर तत्रावागोंका रेलव्हील फैक्ट्री प्राइवेट लिमिटेड, पोलीमिरोई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, शालीमार ग्लास वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, आईएफजीएल रेफ्रेक्ट्रीज लिमिटेड जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे ओडिशा का निर्माण कर रहे हैं, जो उत्पादक, समावेशी, टिकाऊ और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो। उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा मंत्री, संपद चंद्र स्वाइं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकास, कौशल विकास और क्षेत्रीय औद्योगिक विविधीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए औद्योगिक पार्कों, आधुनिक आइटीआइ और कौशल और नए युग के विनिर्माण में वैश्विक साझेदारी के साथ, ओड़िशा अब पूर्वोदय में औद्योगिक पुनरुद्धार का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

# विधानसभा का सत्र तीन दिन पहले स्थगित, स्पीकर ने की घोषणा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 17वीं विधानसभा का तीसरा सत्र ओर बजट सत्र समाप्त हो गया। स्पीकर ने तीन कार्य दिवस से पहले विधानसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। 28 कार्य दिवसों में से 25 कार्य दिवस चलाये गये थे। कुछ विधेयक पारित किये गये हैं। विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक-2024 और ओड़िशा राज्य राजमार्ग प्राधिकरण विधेयक-2025 पारित हो गये हैं। सरकारी दल के मुख्य सचेतक ने आगे कोई महत्वपूर्ण कार्यक्रम नहीं होने के कारण विधानसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित घोषित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका कई विधायकों ने समर्थन किया। बाद में स्पीकर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। आखिरी दिन सदन में साढ़े 12 घंटे चर्चा हुई, शाम चार बजे से सुबह साढ़े चार बजे तक तीखी बहस होती रही। यह विधानसभा में रिकॉर्ड तोड़ने वाला कार्यकाल का दिन है। स्पीकर ने तीन कार्य दिवस से पहले विधानसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। आखिरी दिन विधानसभा में ओड़िशा यूनिवर्सिटी संशोधन बिल पास हो गया। अंत में विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक सुबह 4.30 बजे पारित किया गया।

# डीजीपी ने माओवादियों को मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर में पुलिस डीजी योगेश बहादुर खुरानिया ने संबलपुर जिले का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने मीडिया को जवाब देते हुए कहा कि उत्तरांचल पुलिस रेंज के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की गयी। जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गयी है। माओवादी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गयी है। रामनवमी और हनुमान जयंती के साथ आगे सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गयी है। राज्य में माओवादी कम होता जा रहा है। उत्तरांचल क्षेत्र में एक स्थान पर अभी भी माओ का ऑपरेशन चल रहा है। ऐसा अन्य जगहों पर भी चल रहा है, छत्तीसगढ़-आंध्र सीमा पर कड़ी निगरानी रखी गयी है। विभिन्न स्थानों पर ऑपरेशन में सफलता भी मिली है। यह ऑपरेशन उस जिले में चल रहा है जहां माओ सक्रिय है। हिंसा को छोड़ दें और मुख्यधारा में शामिल हो जायें। ओड़िशा में आत्मसमर्पण नीति है। इसलिए पुलिस महानिदेशक खुरानिया ने माओवादियों को मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान किया है।




# रेलवे सुरक्षा बल ने स्टेशन पर थूकने और कचरा फैलाने के लिए 581 व्यक्तियों पर लगाया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने मार्च 2025 के दौरान भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर थूकने और कचरा फैलाने के लिए 581 व्यक्तियों पर जुमार्ना लगाया। यह कार्रवाई रेलवे परिसर में स्वच्छता में सुधार और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से एक सतत पहल का हिस्सा है। मार्च में किये गये जुमार्ने की कुल राशि 1,17,100 रुपये है। कार्य बल स्टेशन प्रबंधकों, टिकट कलेक्टरों, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और वाणिज्यिक और संचालन विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करता है। सक्रिय निगरानी के अलावा, रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता बनाये रखने के महत्व के बारे में यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इनमें रेलवे परिसर या डिब्बों में कचरा फेंकना, थूकना, खाना बनाना, नहाना, पेशाब करना या शौच करना जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

पूर्वी तट रेलवे का सख्त निगरानी पर ध्यान अपने अधिकार क्षेत्र के सभी स्टेशनों तक फैला हुआ है, जिसमें स्टेशन प्रबंधन स्वच्छता सुनिश्चित करने और उल्लंघनों के लिए दंड लागू करने की जिम्मेदारी रखता है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यात्री एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण का आनंद लें और इन उपायों को सख्ती से लागू करना जारी रखेगा। यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं को याद दिलाया जाता है कि वे स्टेशन और प्लेटफॉर्म परिसर में स्थित निर्दिष्ट कूड़ेदानों में अपना कचरा डालें। रेलवे प्रशासन सभी यात्रियों को स्वच्छता मानदंडों का पालन कर-के सहयोग करने और रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों को कचरे से मुक्त रखने में मदद करने के लिए प्रोत्साहित करता है।







## भारतीय रेल ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

# बीते वित्त वर्ष में 7134 कोच बनाये

- 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा 54,809 पहुंचा
- आम आदमी का ध्यान रख कर नॉन एसी कोचों के उत्पादन में वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब नौ प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है। रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है। 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गया, जिसका औसत 5,481 कोच रहा है। भारतीय रेल की यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया' पहल को नया आयाम देती है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आराम, अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

## इंटर रीजनल स्पोर्ट्स मीट फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

# एनटीपीसी बोंगाइगांव और एनटीपीसी तालचेर ने अपने-अपने मैच जीते



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव द्वारा आयोजित एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-क्क की पांच दिवसीय इंटर रीजनल स्पोर्ट्स मीट (आइआरएसएम)-फुटबॉल 2024-25 एक अप्रैल, 2025 को एनटीपीसी बोंगाईगांव के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में बड़े उत्साह के साथ शुरू हुई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अर्नब मैत्रा बिजनेस यूनिट हेड, एनटीपीसी बोंगाईगांव ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों की उपस्थिति में किया।

मैत्रा ने आगे कहा कि आइआरएसएम केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जो प्रतिभागियों को बेहतर पेशेवर और इससे भी महत्वपूर्ण रूप से बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। जीवंत वातावरण को जोड़ते हुए, समारोह के दौरान विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया। खेल की शुरूआत मेजबान टीम एनटीपीसी बोंगाईगांव ने एनटीपीसी दलीपाली को 6-0 से हराकर की। दूसरे मैच में एनटीपीसी तालचेर कनिहाँ ने एनटीपीसी तालचेर थर्मल के खिलाफ 17-0 से शानदार जीत हासिल की। इस उद्घाटन समारोह में देबब्रत कर, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), एनटीपीसी बोंगाईगांव, कस्तुरी मैत्रा, अध्यक्ष, बर्दी शिकला लेडीज क्लब, सौम्या कर, उपाध्यक्ष, बर्दी शिकला लेडीज क्लब, ओंकार नाथ, एजीएम (एचआर), एनटीपीसी बोंगाईगांव के साथ यूनियनों कल्याण निकायों, महिला क्लब के प्रतिनिधियों और आसपास के गांवों के लोगों उपस्थित थे। टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले 5 अप्रैल 2025 को होने वाला है।

















# बागची श्री शंकरा कैंसर सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ने पांच हजार से अधिक मरीजों का किया इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बागची श्री शंकरा कैंसर सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (बीएसएससीआरआई) श्री शंकरा कैंसर फाउंडेशन (एसएससीएफ - की एक धर्मार्थ इकाई है। अपने संचालन के पहले वर्ष में, इसने 5000 से अधिक कैंसर रोगियों का इलाज किया है। बीएसएससीसीआरआइ ने कैंसर उपचार, रोगी सहायता और चिकित्सा अनुसंधान को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मार्च 2025 में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) सेंटर और रोगियों के लिए 300 कमरों की लंबी अवधि की सुविधा के सफल उद्घाटन के साथ, बीएसएससीसीआरआइ रोगियों, विशेष रूप से ओडिशा और बाहर के दूरदराज के क्षेत्रों के रोगियों की सेवा करना जारी रखता है। अपने अगले महत्वाकांक्षी प्रयास में, संस्थान आंकोलॉजी में नवाचार और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अत्याधुनिक शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान का निर्माण शुरू करने के लिए तैयार है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मल्टीपल मायलोमा और कुछ सौम्य हेमटोलॉजिकल स्थितियों सहित रक्त कैंसर से पीड़ित रोगियों के लिए एक जीवन रक्षक उपचार है। उपचार को अधिक सुलभ और लागत प्रभावी बनाना। अत्याधुनिक आइसोलेशन इकाइयों और संक्रमण नियंत्रण उपायों से सुसज्जित, रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करना।300 कमरों की लंबी अवधि की सुविधा-दूरदराज के स्थानों से रोगियों और परिवारों का समर्थन करना दूरदराज के क्षेत्रों से यात्रा करने वाले कैंसर रोगियों, विशेष रूप से गर्मी के महीनों में आने वाली चुनौतियों को पहचानते हुए, बीएसएससीसीआरआइ ने अपने परिसर में 300 कमरों की लंबी अवधि की सुविधा का उद्घाटन किया है। आगामी शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान -कैंसर शिक्षा और नवाचार को आगे बढ़ाना कैंसर देखभाल और वैज्ञानिक प्रगति में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए, बीएसएससीसीआरआइ अपने परिसर में एक शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान का निर्माण शुरू करने के लिए तैयार है। नवाचार और नैदानिक प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार, कार्यशालाओं और ज्ञान-साझाकरण प्लेटफार्मों की मेजबानी करने की उम्मीद है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**